सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25
HAPPY New Year 2024
श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
वर्ष- 15 अंक - 79 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 01 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिला
संपर्क : 9827806026, 7869620239

खास-खबर

XPoSat लॉन्चः चंद्रयान-3 के बाद ISRO ने फिर रचा इतिहास, खोलेगा ब्लैक होल के राज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 2024 की धमाकेदार शुरुआत कर दी है। स्पेस एजेंसी ने पहले ही दिन सोमवार को एक्स-रे पोलरीमीटर सैटेलाइट (XPoSat) सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। ऐतिहासिक चंद्रयान-3 की तरह इस लॉन्चिंग का गवाह भी आंध्र प्रदेश का श्रीहरिकोटा बना। ब्लैक होल्स की स्टडी के मामले में यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

हिट एंड रन के नए कानून को लेकर ड्राइवर हड़ताल पर

पेट्रोल पंपों पर लगी कतार, शहर के आधे से ज्यादा पंप खाली

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। केंद्र सरकार ने हिट एंड रन के नये कानून को लागू कर दिया है। इस कानून लागू होने के बाद से ही इसका देश भर में विरोध हो रहा है। देशभर के ट्रक ड्राइवरों में भारी गुस्सा देखा जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी ट्रक ड्राइवर व ट्रांसपोर्ट से जुड़े संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके कारण ट्रक-टैंकर जैसे वाहनों के पहिए थम गए। इसका असर यह हुआ कि शहर के अधिकतर पंपों में भारी भीड़ लग गई। दुर्ग भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में पेट्रोल व डीजल डलवाने लोग जमा हुए। देर रात तक पंपों में भीड़ रही। हालात यह रहे कि कई पंपों में तेल ही खत्म हो गया।

31 दिसंबर को शहर के तमाम पेट्रोल पंपों में अचानक लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। अचानक भीड़ को देख पंप संचालक भी सकते में थे। आखिर इस तरह लोग अचानक पेट्रोल व डीजल के लिए इतने पेनिक क्यों हो गए। पता चला कि केन्द्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि हिट एंड रन के नये क़ानून के चलते ट्रक ड्राइवयर्स लम्बी हड़ताल पर जा सकते है। अगर ड्राइवर हड़ताल पर गए तो लोगों को पेट्रोल और डीजल के लिए परेशान होना पड़ेगा। इसके कारण पंपों में तेल सप्लाई वाले टैंकर चालक भी हड़ताल पर रहेंगे और लोगों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह खबर ऐसे फैली कि देखते ही देखते शहर के तमाम पेट्रोल पंपों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी तो देर रात तक जारी रही।

जानिए क्या है नया हिट एंड रन कानून

हिट एंड रन केस को लेकर पहले से कानून है लेकिन अब केंद्र सरकार नया कानून लेकर आई है। अभी तक हिट एंड रन में ड्राइवर की थाने से जमानत हो जाती है साथ ही दो साल की सजा का प्रावधान भी है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपये तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रविधान है। यही नहीं यह भी किया गया है कि यदि किसी ड्राइवर के हाथों दुर्घटना होती है तो उसे घायल को अस्पताल तक छोड़ना पड़ेगा। इन कानूनों का वे विरोध कर रहे हैं। इस कानून के लागू होने के बाद से विरोध प्रदर्शन हो रहा है।

हड़ताल की जानकारी मिलते की मचा हड़कंप

हड़ताल की जानकारी मिलते ही शहर में हड़कंप मच गया। हर कोई अपने वाहन में डीजल-पेट्रोल भरवाने के लिए कतार में खड़ा रहा। जो लोग एक या दो लीटर ईंधन अपने वाहन में भरवाते थे, वे टैंक फुल करवाते नजर आए। यही नहीं जिन पेट्रोल पंप में कम भीड़ रहती थी, वहां लंबी कतार लगी रही। जिन्हें पेट्रोल-डीजल मिल गया, वह अपने को खुशनसीब मान रहा था। इस बीच कई पंपों से लोगों को बिना ईंधन के वापस लौटना पड़ा। पंप का टैंक ही खाली हो गया। कई लोगों का नए साल के जश्न का प्लान कैंसिल पड़ गई है क्योंकि उनके वाहनों में पर्याप्त ईंधन नहीं है।

नए साल का पहले दिन पंपों की कतार से शुरू

ड्राइवरों की हड़ताल का खौफऐसा है कि दुर्ग भिलाई में नए साल के पहले दिन की शुरुआत पेट्रोल पंपों में कतार के साथ शुरू हुई। 31 दिसंबर की रात को पंपों से वापस लौटने वाले सुबह से ही पंप पर लाइन लगाते देखे गए। दुर्ग भिलाई सहित आसपास के तमाम पेट्रोल पंप में लंबी लंबी कतारें देखने को मिली। कई पंपों में तेल खत्म हो गया तो उसे बंद करना पड़ गया। अब उन पंपों में टैंकर का इंतजार किया जा रहा है। जिन पंपों में पेट्रोल व डीजल खत्म हुआ है वहां पेट्रोल-डीजल पहुंचेगा या नहीं इसकी भी उम्मीद नहीं है। हालांकि पंप संचालकों का कहना है कि लोगों को पेनिक होने की जरूरत नहीं है आम दिनों की तरह की पेट्रोल व डीजल मिलता रहेगा।

2024 लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को रोकना लगभग असंभव, ब्रिटिश अखबार के लेख में दावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में कुछ ही माह का समय बचा है और सभी राजनीतिक पार्टियां आम चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। इस बीच ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्जियन में एक लेख लिखा गया है, जिससे विपक्षी पार्टियों को निराशा हो सकती है। दरअसल लेख में दावा किया गया है कि '2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनना तय है और इसे कोई नहीं रोक सकता।'

यह लेख हन्नाह एलिस पीटरसन ने लिखा है। पीटरसन लिखती हैं कि 'तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली जीत से मिले आत्मविश्वास, पीएम मोदी की लोकप्रियता और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते भाजपा का लगातार तीसरी बार सत्ता में आना तय है और इसे रोकना लगभग असंभव है। तीन राज्यों में मिली जीत के बाद खुद पीएम मोदी भी 2024 में जीत की भविष्यवाणी करने से खुद को नहीं रोक पाए।' लेख के अनुसार, भारत के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच एक तरह की सहमति है कि पीएम मोदी और भाजपा की जीत होनी तय है।

विपक्षी गठबंधन का कई अहम मुद्दों पर एक होना बाकी

गार्जियन के लेख में कांग्रेस को लेकर लिखा गया है कि 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हालिया विधानसभा चुनाव में तेलंगाना में जीती है लेकिन यह अभी तीन राज्यों में ही सत्ता में है और पार्टी अंदरुनी कलह से जूझ रही है। विपक्षी पार्टियों ने गठबंधन किया है लेकिन अभी भी विपक्षी पार्टियों को कई अहम मुद्दों पर सहमत होना बाकी है। हालांकि ये सभी पार्टियों भाजपा के खिलाफ लड़ने एकजुट होकर लड़ने की बात कर रही हैं। सामान्य सोच यही है कि अभी भाजपा की जीत तय लग रही है।'

भाजपा के हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे से मतदाता प्रभावित

पीटरसन लिखती हैं कि 'प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और उनकी मजबूत नेता की छवि के साथ ही भाजपा के हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे से बड़ी संख्या में हिंदू मतदाता प्रभावित हैं, खासकर उत्तर भारत की हिंदी बेल्ट में भाजपा खास तौर पर मतदाताओं को लुभा रही है। साल 2014 के बाद से राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर देश का जनमत बड़े पैमाने पर भाजपा की तरफ झुका है।' लेख में लिखा गया है कि 'भारत के दक्षिण और पूर्व के हिस्से में विपक्षी पार्टियां भाजपा के मुकाबले मजबूत हैं लेकिन राष्ट्रीय तौर पर विपक्ष बिखरा हुआ और कमजोर नजर आ रहा है।

2024 : विष्णु सरकार करेगी सौगातों की बौछार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। इस नए साल में कई तरह की नई सौगातें प्रदेश की जनता को मिलने वाली हैं। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम नए साल में प्रारंभ होगा। वहीं प्रदेश की सरकार मोदी की गारंटी वाली कई योजनाओं को नए साल में लागू करेगी। इस योजना के मुताबिक सबसे महत्वपूर्ण महतारी वंदन योजना है। जिसमें हर विवाहित महिला को एकहजार रुपए हर माह मिलेगा। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत में गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में मिलेगा। साथ ही नए रायपुर में सीएम हॉउस भी बनकर तैयार हो जाएगा। जिसमें प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शिफ्ट होने की संभावना है।

लगेंगे स्मार्ट मीटर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी बड़े लंबे समय से चल रही है।आपको बता दें की इसमें छत्तीसगढ़ के राज्यपॉवर कंपनी ने पांच संभागों को तीन संभागों में बांटकर टेंडर को फाइनल कर दिया है। वहीं रायपुर संभाग के सभी काम टाटा कंपनी करती है। वहीं संभागों का बाकी काम जीनस कंपनी को मिला है। स्मार्ट मीटर लगाने से पहले ही राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में कंट्रोलरूम का काम कर रहा है। इस काम की शुरुआत नए साल के मौके पर सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने हो से होगी। इसके साथ ही प्रदेश केअंबिकापुरऔर बिलासपुर संभाग जैसे कई अन्य जिलों में भी स्मार्ट मीटर लगने का काम प्रारंभ हो जाएगा।

मिलेगी आवासहीनों को सौगात

नए साल में प्रदेश में बीजेपी सरकार अपनी नई योजनाएं लागू करेगी। जिसकी शुरुआत18 लाख आवासहीनों को आवास बनाने की मंजूरी को लागू करेगी। वहीं बीजेपी पार्टी ने चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के नाम से 20 योजनाओं को लागू करने का वादा किया था। जिसमें 18 लाख आवास हीनों को आवास बनाने की मंजूरी प्रदेश सरकार ने पहले ही दे दी है। साथ ही 3100 में 2100 रु. क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी भी हो रही है। इसी के ही साथ किसानों को उनका दो साल का रुका बोनस भी सरकार दे दिया है। वहीं नए साल में प्रदेश की सरकार सबसे पहले विवाहित महिलाओं को हर माह एक हजार रु.देने के लिए महतारी वंदन योजना को शुरू करेगी।

विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी की पहल

जल्द ही राजधानी रायपुर के मोतीबाग में एक नई लाइब्रेरी खुलेगी। जिसमें विद्यार्थियों को नई लाइब्रेरी में पढ़ने का मौका मिलेगा। वहीं मोतीबाग की लाइबेरी में नालंदा की तरह ही सारी सुविधा होगी। इसके साथ ही सीएम साय ने एक और नालंदा परिसर बनाने का एलान किया है। इसकी नींव नए साल के मौके पर रखने की संभावना बनी हुई है। नए साल में उज्ज्वला गैस कनेक्शन वाली गरीब महिलाओं को 500 में गैससिलेंडर की रीफिलिंग दी जाएगी, जिसमें केवायसी कराने का काम चल रहा है। भाजपा शिविर लगाकर मजदूर कार्ड बना रही है। इस योजना को नए साल में कैबिनेट मे मंजूरी मिलने बाद लागू किया जाएगा। बीजेपी की सरकार में श्रमिकों को हर साल दस हजार रुपए दिए जाने हैं। आयुष्मान योजना में अब पांच की जगह पर दस लाख तक का इलाज मुफ्त मिलेगा।इस योजना की भी शुरुआत नए साल में की जाएगी।

पहली बार चुनकर आए विधायकों को मिलेगी ट्रेनिंग

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में चुनकर आए नए विधायकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। आपको बता दें कि इस बार 70 नए विधायक चुनकर आए हैं। नए विधायकों को विधानसभा की पूरी जानकारी देने के लिए 9 और 10 जनवरी को ट्रेनिंग सेशन होगा। ये ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसरोवर सभागार में होगी। इस ट्रेनिंग सेशन के पहले दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी आएंगे। नए साल में छत्तीसगढ़ सरकार की पहली कैबिनेट बैठक मंगलवार को होगी। माना जा रहा कि, नए साल में मंत्रालय के कामकाज में तेजी आएगी। उधर साय सरकार के सभी मंत्रियों को निज सचिव मिल गए हैं। सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में मंत्रिमंडल के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में लोकसभा चुनाव और घोषणा पत्र में किए गए कई वादों पर चर्चा हो सकती है। विधानसभा में होने वाले इस ट्रेनिंग सेशन में 9 जनवरी को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी आएंगे। बिड़ला उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि होंगे और नए विधायकों को मार्गदर्शन देंगे। दरअसल पहली बार चुनकर आए विधायकों को विधानसभा के रुल-प्रोसेस की जानकारी कम रहती है। ट्रेनिंग में नए विधायकों को इन सभी चीजों के बारे में बताया जाएगा।

सातों रंगों के साथ शुरू हुआ नया साल

श्रीकंचनपथ

अपने सभी रंगों के साथ एक और कैलेण्डर वर्ष आज से शुरू हो गया। लोगों ने बीते वर्ष की खट्टी-मीठी घटनाओं को याद करते हुए उसे विदाई दी। संगीत-नृत्य और केक के साथ नव वर्ष का आगाज किया। वैसे यथार्थवादियों के लिए नया साल केवल एक कैलेण्डर वर्ष का बीतना होता है। कैलेण्डर पर तारीख और सन बदल जाता है। पिछले साल के मुकाबले एक झटका लोगों को यह लगा कि साल 2024 की शुरुआत सोमवार से हो रही है। अर्थात फुल वर्किंग डे। कुछ लोगों की परीक्षाएं चल रही हैं तो कहीं-कहीं विभागीय निर्देश है कि सोमवार को छुट्टी मारी तो दो दिन का वेतन कटेगा। पिछले साल लोगों ने बड़े मजे किये थे। साल का पहला दिन रविवार था। लगभग सभी ने पिकनिक प्लान किया था। परिवार के साथ मिलकर खूब मस्ती की थी। पर इस बार का सेलीब्रेशन ऐसा नहीं हो सका। रात भर हल्ला-गुल्ला करने वाले भी इस बार निराश हुए। पुलिस का सख्त निर्देश था कि सवा बारह बजे के बाद कोई भी हंगामा करता हुआ मिला तो उसके नए साल की शुरुआत खराब कर दी जाएगी। लिहाजा लोग लिमिट में रहे। वैसे शहर का रंग पिछले तीन-चार सालों में काफी कुछ बदल गया है। कोरोना काल ने बेशुमार लोगों के अंदर के गायक को जगा दिया है। कैरेओके ट्रैक्स ने सोने पर सुहागा कर दिया है। छोटे-बड़े कैरेओके बॉक्स ने लगभग सभी शौकीनों के घर में एक-एक म्यूजिक सिस्मटम पहुंचा दिया है। कुछ लोग तो म्यूजिक सिस्टम को गाड़ी की डिकी में ही रखकर चलते हैं। जहां भी जाते हैं वहीं शुरू हो जाते हैं। पिछले एक साल के भीतर भिलाई में दो-तीन दर्जन से भी अधिक संगीत समूहों ने जन्म ले लिया है। इन सभी ने 2023 की विदाई के लिए संगीत समारोहों का आयोजन किया। मनघटा से लेकर क्लब हाउस और पार्कों से लेकर घर की छत पर संगीत समारोहों का आयोजन हुआ। किसी ने वृद्धाश्रम को चुना तो कोई बालाश्रम पहुंच गया। वैसे कहा जाता है कि जो काम संगीत कर सकता है, वह घंटों का भाषण नहीं कर सकता। कई बार तो रोग में दुआ और दवाओं से ज्यादा असर संगीत का देखने को मिल जाता है। शोध बताते हैं कि संगीत का असर जीवित प्राणियों से लेकर पाषाणों तक पर होता है। लिहाजा यह मान लेने में कोई बुराई नहीं कि नववर्ष की शुरुआत गीत-संगीत के साथ करने के अच्छे नतीजे देखने को मिलेंगे। पांच राज्यों में नई सरकारों ने काम करना प्रारंभ किया है। कुछ ही महीनों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। लिहाजा जनता के लिए तो साल की शुरुआत काफी से ज्यादा अच्छी होने के संकेत हैं। किसानों से लेकर गृहिणियों तक के लिए साल की शुरुआत अच्छी हुई है। विद्यार्थियों और नेताओं की परीक्षाएं लगभग एक साथ या आगे-पीछे होनी हैं। टेंशन तो है पर संभावनाएं भी खूब हैं। लिहाजा खुश रहिए।

संपादकीय

सुधरें और सुधारें

दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले ग्रेगोरियन कैलेंडर पर साल बदल गया। अब हम साल 2024 के आने के सुखद एहसास से भरे हुए हैं। हम मनुष्यों ने समय के साथ बढ़ते हुए इस धरती पर अनगिनत अच्छे मुकाम देखे हैं और तमाम जीवों के बीच सबसे ज्यादा तरक्की की है, इसलिए हम प्राकृतिक रूप से बहुत आशावादी हैं। सदैव बेहतर बदलाव के इच्छुक और आने वाले हर पल के लिए अनायास खुशी से सराबोर। सदियों से हमें हर दिन उगते सूरज के साथ पढ़ाया और बताया जाता रहा है कि आज कुछ न कुछ बेहतर होगा। पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया ने एक भयानक महामारी का कहर झेला है। बेशक, बीता साल 2023 हमारे लिए महामारी से उबरने का वर्ष रहा, किंतु बुरे तजुर्बे के बावजूद हम ज्यादा कुछ सीख नहीं पाए। तभी तो दुनिया में कम से कम दो जगह, यूक्रेन और गाजा में युद्ध का मंजर है। जहां मनुष्य ही मनुष्य रक्त के प्यासे हो रहे हैं और शायद 2024 में उनकी यही कामना होगी कि कथित दुश्मन का मान मर्दन हो जाए या दुश्मन के खून की नदियां बह जाएं। अत: नए साल में पहली आकांक्षा यही उमड़ती है कि किसी भी तरह इस साल युद्ध से हम बाज आएं। युद्ध हो या परस्पर हिंसा वास्तव में यह समग्रता में हम मानवों की बुद्धिमत्ता पर सवाल है। जाति, नस्ल व सांप्रदायिक आधार पर होने वाले शर्मनाक संघर्ष धर्म, मजहब और शिक्षा पर सवाल हैं। बेहद विकसित कहलाने वाले देश अमेरिका में कोई नफरती व्यक्ति बंदूक उठाता है और लोगों को अंधाधुंध मारने लगता है। अन्य उभरती महाशक्ति चीन में कोई सत्ता से अलग विचार रखता है, तो मिटा दिया जाता है। और विडंबना देखिए, अक्सर ये दो कथित महाशक्ति देश मानवाधिकार और शासन-प्रशासन के लिए दूसरे देशों पर नसीहतों की बौछार कर देते हैं। दुनिया की महाशक्तियों का वैश्विक कुतर्क शर्मनाक है, कोई इजरायल के साथ खड़ा है कि वह दुश्मनों को बर्बरता के साथ खत्म करे, तो कोई भारत को सलाह दे रहा है कि आतंकियों से संवाद करो और उनके अनुकूल हल निकालो। नए साल में क्या वैश्विक स्तर पर दुनिया के महाशक्ति देश ज्यादा न्यायपूर्ण और समावेशी होंगे? ध्यान रहे, दूसरे देशों में घुसने का दुस्साहस पहले अमेरिका ही ज्यादा करता था, वह अफगानिस्तान को अपने हाल पर छोड़ लौट गया, पर अब रूस और चीन के साम्राज्यवादी मनसूबे आए दिन चिंता बढ़ा रहे हैं। जहां अमेरिका, रूस और चीन जैसे वीटो पावर वाले देश किसी न किसी तरह की मनमानी को तवज्जो देते हों, वहां संयुक्त राष्ट्र बस एक नाम पट्टिका भर होता जा रहा है। क्या भारत, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, जापान जैसे देशों की भागीदारी को स्थाई बनाते हुए संयुक्त राष्ट्र विश्व हित में जागेगा? यह नया साल अनगिनत उम्मीदें लिए आया है। कोरोना के बाद सुधरती अर्थव्यवस्थाओं को दुस्साहस, अत्यधिक मुनाफाखोरी, भ्रष्टाचार और किसी भी तरह की लूट से बचते हुए गरीबों को ध्यान में रखकर काम करना होगा। नए साल में हर किसी को अपनी भूमिका के बारे में तार्किक ढंग से सोचना होगा। परिवार-समाज में खुशी की बुनियाद यही है कि हम खुद के लिए जैसे व्यवहार की उम्मीद दूसरों से करते हैं, हमें सभी के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए। नए साल में यह संकल्प हर किसी के लिए जरूरी है कि हम समाधान में भागीदार बनेंगे, समस्याएं नहीं बढ़ाएंगे। इसमें कोई शक नहीं कि जब लोग सुधरते-सुधारते हैं, तो शासन-प्रशासन में जल्दी सुधार आता है।

> “ जाति, नस्ल व सांप्रदायिक आधार पर होने वाले शर्मनाक संघर्ष धर्म, मजहब और शिक्षा पर सवाल हैं। बेहद विकसित कहलाने वाले देश अमेरिका में कोई नफरती व्यक्ति बंदूक उठाता है और लोगों को अंधाधुंध मारने लगता है। अन्य उभरती महाशक्ति चीन में कोई सत्ता से अलग विचार रखता है, तो मिटा दिया जाता है।

खुद से कभी न हारना

नए साल की आहट आते ही लोग नववर्ष के लिए संकल्प बनाने लगते हैं। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए या फिर अपनी इच्छाओं को साकार करने के लिए लोग शपथ लेते हैं कि हम साल भर इस संकल्प को निभाएंगे। संकल्प करते समय कोई भी यह नहीं सोचता कि यह कितने दिन टिकने वाला है, या फिर पिछले साल जो संकल्प लिया था, वह कितना पूरा हुआ? उसके साथ उन्होंने कितना इंसाफ किया? छोटी-छोटी बातें, जैसे सुबह जल्दी उठने का संकल्प, रोज व्यायाम करने का संकल्प, अपना कमरा साफ रखने का संकल्प या समय से दफ्तर पहुंचने का खुद से वादा, ऐसे कई संकल्प लिए जाते हैं, पर कुछ दिनों बाद लोग यह भी भूल जाते हैं कि उन्होंने कोई संकल्प लिया था।

ऐसा क्यों होता है? ओशो से किसी ने पूछा, तो उन्होंने कहा, कभी संकल्प मत लेना। इसका एक कारण तो यह है कि हमें अपने ही मन की पहचान नहीं है। मन के अंदर कितनी ताकत है, कितनी कमजोरी है, इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। इसीलिए दूसरों की देखा-देखी हम ऐसे संकल्प कर लेते हैं, जिसे अंजाम तक नहीं पहुंचा सकते। मन का जो हिस्सा संकल्प लेता है, उसका शेष हिस्से के साथ कोई संबंध नहीं होता। संकल्प एक लहर है, जो सतह पर उठती है, लेकिन मन की गहराइयों तक उसकी कोई खबर नहीं पहुंचती, जबकि बदलाव तो वहां से होना है।

ग्रेटा गार्बो एक विख्यात अमेरिकी अभिनेत्री थीं। एक समय वह होटल में 'वेट्रेस' थीं। एक दिन उस होटल में कोई ग्राहक आया और उसने ग्रेटा से कहा, 'इतनी सुंदर हो, फिल्मों में काम क्यों नहीं करती? तुम एक सफल अभिनेत्री बन सकती हो।' यह बात ग्रेटा के ख्यालों में अटक गई। जाहिर है, होटल के काम से उनका मन उचट गया और वह हॉलीवुड पहुंच गईं। आगे जाकर वह वाकई एक महान अभिनेत्री बनीं। यदि यह बात उनके मन में सिर्फ कल्पना बनकर रह जाती, तो ग्रेटा कभी अभिनेत्री नहीं बन पातीं। उन्होंने इसके लिए मेहनत की, कल्पना को यथार्थ में उतारा, तब जाकर यह कल्पना सत्य हुई। यदि उनका संकल्प कमजोर होता, तो वह मन ही मन बस सपने बुनने में मशगूल रहतीं। काम वेट्रेस का करतीं और सपने हॉलीवुड के देखतीं। मगर उनका संकल्प इतना सघन था कि इसमें कोई विपरीत ख्याल ही नहीं था; न कोई असमंजस था कि मैं अभिनेत्री बन सकूंगी या नहीं। यह आत्मविश्वास सम्यक संकल्प का अभिन्न अंग होता है। यदि आप कोई संकल्प ले रहे हैं, तो क्या उसे साकार करने के लिए मेहनत करने की तैयारी है? ऐसा हो, तभी संकल्प लेना, वरना आप खुद से ही हार जाएंगे और बार-बार खुद से हारना आत्मविश्वास को तोड़ देता है।

अमृत साधना

नया वर्ष

हमारे शास्त्रकारों ने काल को अनन्त बताया है। उसका न आदि है और न अन्त। काल अथाह सागर है, जिसका कोई कूल-किनारा नहीं। इस अथाह सागर में सृष्टि के समस्त प्राणी तैरते रहते हैं और जब तैरते-तैरते थक जाते हैं, तो काल के अन्तराल में सदा के लिए विलीन हो जाते हैं। मनुष्य सृष्टि का सबसे बुद्धिमान प्राणी है। उसने अपनी कल्पना के सहारे काल के असीम सागर पर कुछ रेखायें खींचने का प्रयास किया। उसने पल, घड़ी, पहर, रात-दिन, मास, वर्ष और शताब्दियों का आविष्कार किया। वह इन्हें अपनी जीवन-यात्रा के विश्राम-स्थल मानता है। एक मंजिल पर पहुंचता है, तो थोड़ी सांस लेता है और आगे के सफर पर चल पड़ता है। काल की ही तरह उसकी यह यात्रा भी अनन्त है। मनुष्य की कल्पना का एक वर्ष पूरा हुआ। सन् 1948 का वर्ष काल के अनन्त गर्भ में समा गया। काल ने उसके चेहरे पर पर्दा डाल दिया। उसकी पृष्ठभूमि पर मनुष्य ने जो कुछ भला या बुरा किया, उसका वर्णन इतिहास के रूखे पृष्ठों पर तो पढ़ा जा सकेगा, किन्तु उसके सजीव दर्शन अब संभव न होंगे। अब नये वर्ष पर से पर्दा उठ रहा है। आज नये वर्ष का नया प्रभात उदित हुआ है। अब नाटक के कौन-कौन से अंक प्रदर्शित होंगे, यह निश्चयपूर्वक कोई नहीं कह सकता।

> “ प्रभु, हम अच्छे लोग हैं, हमें नादान ही समझिए; हम गलतियां करते हैं, हममें पुरानी आदतें- ईर्ष्या, लालच, घमंड है। सामाजिक बुराइयां हैं। आपसे यही प्रार्थना है कि हमें बचाना, प्रभु।

नए साल पर प्रार्थना और पांच संकल्प

गोपाल कृष्ण गांधी

हम नए साल में आ गए हैं, पर इसमें कौन-सी नई बात है? नया साल कब तक नया रहता है? उसमें क्या नयापन है? नए साल के मौके पर सब एक-दूजे को साल मुबारक कहते हैं। नए साल की शुभकामनाएं देते हैं। जवाब में 'सेम टु यू' भी सुनने को मिलता है। नए साल में शुभकामनाओं का यह दौर ज्यादा से ज्यादा एक सप्ताह चलता है। फिर वही पुरानी बातें, वही आदतें, तौर-तरीके, वही झगड़े, वही मनमुटाव, वही उलझनें, मायूसियां, उदासी, लालच, स्वार्थ, घमंड और बड़े-बड़े सामाजिक ऐब, जिनमें नारियों पर अत्याचार, दलितों का शोषण और सांप्रदायिकता आदि शामिल हैं।

वैसे थे कुछ साल हमारे लिए, हिन्दुस्तान के लिए, जो वास्तव में नए थे, अपूर्व थे। वह 1948 का नया साल भी बहुत खास था। उस साल 1 जनवरी स्वतंत्र भारत के पहले वर्ष का पहला दिन था। तब भी हमने एक दूजे को 'हैप्पी न्यू ईयर' कहा था, पर कुछ दबे स्वर में, क्योंकि बीते साल 1947 का खून-खराबा हमारी यादों में ताजा था। कितने मासूम लोग अपने घर से उजड़ गए थे। कितने लोग मारे गए थे। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में किन द्रौपदियों के बाल खुले? किन-किन कलियों का अंत हुआ? और अगर तिस पर भी हमने कुछ आशाएं बनाई रखीं, कुछ उम्मीदों को छोड़ा नहीं। तब तरुण-तपस्वी जवाहरलाल नेहरू और लौह पुरुष सरदार पटेल के नेतृत्व में बनी सरकार में अपना भरोसा टिकाया, तब भी स्वतंत्र भारत की पहली जनवरी की 30वीं तारीख को हमने अपने बापू को देखते ही देखते खो दिया। आजाद देश का वह पहला नया साल भी हमने अपने हाथों से लुटा दिया था।

खबर नहीं जब अगले पल की/ समझ मन को जाने कल की - ये पंक्तियां न जाने बापू ने कहां सुनी थीं और अपनी आत्मकथा में उद्धृत की थीं। कितनी सच्ची हैं ये पंक्तियां! इनमें कड़वी हकीकत निहित है। आज अपने इस लेख में मैं उस कल, जिसे बांग्ला में 'आगामी कोल' कहते हैं, उसके बारे में लिखना चाहूंगा। एक अकेले नए साल के बारे में ही नहीं, बल्कि जितने भी आगामी कोल हैं, उन सबके बारे में।

पहले ईश्वर से प्रार्थना प्रभु, हमें भूचालों से बचाए रखना! हिमालय अब खिन्न-वदन है, अस्थिर, बेचैन। भूशास्त्री कहते हैं कि बहुत सारे भूचालों की आशंका है। 'इंडियन प्लेट' का संयम टूट-सा रहा है। प्रभु, उसे टूटने न देना। साथ ही, बाढ़, अकाल, मर्ज, महामारी से जो लोग पीड़ित हैं, गरीबी से, बेरोजगारी से व्यथित हैं, उनकी मदद करना। प्रभु, हम अच्छे लोग हैं, हमें नादान ही समझिए, हम गलतियां करते हैं, हममें पुरानी आदतें- ईर्ष्या, लालच, घमंड है। हममें सामाजिक बुराइयां हैं, पर ये सब नासमझी से आई हैं। हमारे संतों ने इनकी निंदा की है, हमें इनसे बचने के लिए कहा है। हम श्रीराम और सीता माता को मानते हैं। प्रभु, हम जपते हैं निरंतर हनुमत-वीरा का नाम। हम मानते हैं भगवान बुद्ध को, महावीर, नानक, कबीर और शिरडी के महान बाबा को।

हिंदी की ख्यात कवयित्री महादेवी के शब्दों में कहें, तो अपने मन के सदन में बिठाए हुए हैं गोस्वामी तुलसीदास को और उनके उपासक मोहनदास को। हमें अकबर के दीन-ए-इलाही और दारा शिकोह पर फख्र है। हम मदर टेरेसा की करुणा के पात्र हैं। हम अच्छे लोग हैं प्रभु, हम पर दया बनाए रखना! हाथों को जोड़कर प्रार्थना करते हैं, हमें सुरक्षित रखना प्रभु!

नए वर्ष के अवसर पर माननीय जन-प्रतिनिधियों से भी प्रार्थना है- हमारे अच्छेपन को बचपना न समझिए। हम नादान हैं, पर इतने अनाड़ी नहीं कि झूठ को सच और सच को झूठ समझते रहें। लोग भूले नहीं हैं कि हमने 1977 में आपातकाल को कैसे ठुकराया था। देश भर में अंधेरा छा गया था, पर उठ खड़े हुए हमारे बीच लोकनायक जयप्रकाश नारायण! याद है वह दिन मुझे, जब उस साल चुनाव के नतीजे आए थे, मानो फिर से स्वतंत्र हुआ था भारत। देखिए, लोकनायक की सज्जनता, पराजित इंदिरा गांधी से भी जाकर मिले थे। आखिर किस सत्ताशीन ने गलतियां नहीं की हैं? उस दौर में भी देशवासियों ने साबित किया था कि वे भोले हैं, पर बेवकूफ नहीं हैं और न ही हम इंसानियत से अपरिचित हैं। हमारे माननीय नेतागण हमें अपने ख्यालों, नीतियों, राजनीतियों से आश्वस्त रखें। हमारे विश्वास को जीतें, हमारे स्नेह को जीतें और हमारी सज्जनता का ध्यान रखें। हमारे समर्थन या मत को मोल लेने या खरीदने की कोशिश न करें। चुनावों के वक्त देश-दुनिया के प्रति हमारी समझ को बढ़ाएं। हमारी अक्ल पर जल-तरंग बजाएं, हमारी भावनाओं पर नहीं।

मत सुनाइए हमें ऐसे अल्फाज, जो आप अपने घरों में, अपने अभिभावकों या बच्चों के सामने भी न बोलना चाहें। आलोचना करना एक बात होती है, किसी की मसखरी करना, उसका मजाक उड़ाना, यह हमारी संस्कृति के विपरीत है। हर कोई अपनी मर्यादा पर मान रखता है। उस मर्यादा की इज्जत करने में ही अपनी मर्यादा का सम्मान होता है।

और अंत में प्रार्थना समाज से कि सभी लोग नए साल में पांच संकल्प लें। पहला, साल-दर-साल, इस आगामी साल में ही नहीं, बल्कि हर साल, हरेक दिन, हर क्षण प्रकृति की, हमारे आस-पास की जमीन की, जलस्रोतों की इज्जत करेंगे, कभी बेकद्री नहीं करेंगे, यानी किसी भी तरह के प्राकृतिक साधन का प्रयोग उतनी ही मात्रा में करेंगे, जितना लाजिमी है।

दूसरा संकल्प जाति से पिछड़े या फिर तकदीर से हारे लोगों की हिफाजत करेंगे, महिलाओं का सम्मान करेंगे, हमारी प्रकृति, जन-संपत्ति की रक्षा करेंगे। सबके साथ नेकी करेंगे। तीसरा संकल्प अगर मैं हिंदू और वह ईसाई या मुस्लिम या सिख है, तो यह व्यवस्था हमारे निर्णय से नहीं है, किस्मत के इंतजाम से है। अगर मुझसे गलती होती है, तो एक इंसान से होती है, न किसी हिंदू, मुस्लिम, ईसाई या सिख से। अपने दिल में सांप्रदायिकता को तनिक-सी भी जगह न देंगे। कहा गया है- मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर ने बांट दिए भगवान... धरती बांटी, सागर बांटे, मत बांटो इंसान।

चौथा हमारे दक्षिण में हिंदी जानने वालों की संख्या, हमारे उत्तर में तमिल, तेलुगु, कन्नड़, कोंकणी या मलयालम जानने वालों से कहीं अधिक है। हम सब भारतवासियों को अपनी मातृभाषा के साथ एक और भारतीय भाषा जरूर आनी चाहिए। क्या इस लेख को पढ़ने वाले इस प्रार्थना को स्वीकार करेंगे? पांचवां संकल्प न हम किसी से डरेंगे, न ही किसी को डराएंगे, क्योंकि हम उस देश के रहने वाले हैं, जिसे स्वराज्य मिला अहिंसा के बल से, बिना खड्ग बिना ढाल।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

चुनावी वर्ष 2024 से दुनिया और देश को बहुत उम्मीदें

हरजिंदर

कुछ खतरे कभी नहीं टलते। चाहे जितने भी नए साल आएं और चले जाएं। जैसे, ग्लोबल वार्मिंग का संकट। हर बार साल जब बीतता है, तो हमें पता चलता है कि यह साल इतिहास का सबसे गरम साल था। इसके साथ ही यह चेतावनी भी नत्थी होती है कि अगला साल इससे भी गरम हो सकता है। इसी तरह, कुछ उम्मीदें कभी सिरे नहीं चढ़तीं, जैसे विश्व शांति की उम्मीद। अभी जब हमने साल 2024 में प्रवेश किया है, तो दुनिया के एक सिरे पर रूस और यूक्रेन महीनों से खून बहा रहे हैं, तो दूसरी तरफ, गाजा के खिलाफ जंगी अभियान जारी है। हालांकि, बहुत से इतिहासकार कहते हैं कि अगर हम पिछली सदी या उसकी पूर्ववर्ती सदी से तुलना करें, तो 21वीं सदी की दुनिया अपेक्षाकृत शांत है। अब उतने युद्ध नहीं होते, और जो होते हैं, वे उतने भीषण नहीं हैं। बावजूद इसके कि इस सदी में संहारक-क्षमता का विकास भी हुआ है और विस्तार भी।

पर्यावरण और अमन से अलग हम अगर दुनिया को सिर्फ राजनीतिक नजरिये से देखें, तो साल 2024 एक महत्वपूर्ण वर्ष होने वाला है। इसी 7 जनवरी को पड़ोसी बांग्लादेश में आम चुनाव है। उसके बाद तकरीबन हर महीने दुनिया भर में ढेर सारे चुनाव होंगे। इंटेग्रिटी इंस्टीट्यूट के आंकड़ों को अगर सही मानें, तो इस साल पूरी दुनिया के 78 देशों में तरह-तरह के चुनाव होंगे। दुनिया की आधी से ज्यादा वयस्क आबादी इस साल अपनी सरकार चुनने घर से निकलेगी। इनमें भारत और अमेरिका जैसे दुनिया के दो बड़े लोकतंत्र के साथ ही, रूस और यूक्रेन जैसे देश भी हैं। बांग्लादेश के अलावा पाकिस्तान और श्रीलंका के आम चुनाव भी इसी साल होने हैं। अगर तालिबान काबिज न हुए होते, तो शायद अफगानिस्तान में भी इसी साल चुनाव होते।

कहा जा रहा है कि इतिहास में यह पहला मौका है, जब एक ही साल में दुनिया के इतने सारे देशों में सरकारों की किस्मत का फैसला होने जा रहा है। अगर ऐसा है भी, तो यह महज गणित का एक संयोग है, क्योंकि इसके पीछे न कोई राजनीतिक ट्रेंड है और न कोई ऐसी प्रक्रिया, जो एक साथ इतने देशों को जनादेश की ओर धकेल रही हो, मगर इतिहास में यह पहला मौका जरूर है, जब दुनिया के अनेक देशों में लोकतंत्र की मजबूती पर संदेह व्यक्त किए जाने लगे हैं।

कुछ साल पहले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों स्टीवन लेविट्स्की और डेनियल जिबल्ट ने एक किताब लिखी थी- हाउ डेमोक्रेसीज डाइज, यानी लोकतंत्र कैसे मर जाते हैं। जिस समय यह किताब बाजार में आई, उस समय अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार थी और उन तमाम संस्थाओं पर लगातार हमले हो रहे थे, जिन्हें लोकतंत्र की प्राण-वायु माना जाता है। यह किताब मूल रूप में यही कहती है कि इस सदी में लोकतंत्र को जितना खतरा अपने भीतर से है, उतना बाहर से नहीं है। लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेता भी तानाशाह हो सकते हैं और लोगों के उन अधिकारों को खत्म कर सकते हैं, जिनके लिए लोकतंत्र जाना जाता है।

जहां तक सरकार चुनने की रवायत का सवाल है, तो उस पर भी एक नया खतरा मंडरा रहा है। इतिहास में पहली बार, इस साल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, यानी एआई दुनिया की राजनीति में एक बड़ा हस्तक्षेप करने जा रही है। पिछले कुछ चुनावों की सूरत हमने सोशल मीडिया, फेक न्यूज और डाटा एनालिटिक्स के जरिये बदलते देखी है, लेकिन एआई का हस्तक्षेप उससे कहीं बड़े बदलाव हमारे सामने खड़े कर सकता है। इससे चुनाव के प्रबंधन में बहुत सारी कुशलता लाई जा सकती है, पर फिलहाल चर्चा इस बात की ज्यादा है कि इसका इस्तेमाल हर तरह के झूठ को सच साबित करने और मतदाताओं को भरमाने में होगा। बहुत-सी रिपोर्टें बताती हैं कि यह काम शुरू भी हो चुका है। एआई को लेकर एक और बात कही जा रही है कि अंतत यह लोकतंत्र को मजबूत बनाएगी, अगर इसके हमले से लोकतंत्र बच गया तो।

इसलिए इस साल जब दुनिया की आधी से ज्यादा वयस्क आबादी अपने घर से वोट देने निकलेगी, तो वह सिर्फ अपनी सरकार ही नहीं चुनेगी, बल्कि लोकतंत्र के भविष्य का फैसला भी सुनाएगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

समय के सदुपयोग से पूरे होंगे नये लक्ष्य

क्षमा शर्मा

अपनी खट्टी-मीठी यादों के साथ 2023 विदा हो गया। हर रोज की आपाधापी, एक-एक दिन का बीतना, महीनों में बदलना और फिर साल की विदाई के रूप में आना। कहते हैं न कि समय को किसी पिंजरे में बंद नहीं किया जा सकता, न उसे पकड़ा जा सकता है। हां, उसके अच्छे और सार्थक उपयोग के तरीके ढूंढ़े जा सकते हैं। हर दिन कुछ ऐसा किया जा सकता है, जिससे समय का सदुपयोग भी हो और हमें संतुष्टि भी मिले। इन दिनों अक्सर लोग, हर दूसरा आदमी यह कहता पाया जाता है कि करना तो हम यह भी चाहते हैं, वह भी चाहते हैं लेकिन कर नहीं पाते, क्योंकि समय नहीं मिलता। अब सोचने की बात यह है कि जिन्हें देखकर हम सोचते हैं कि अमुक तो इतना सब कुछ कर लेते हैं, और हम उनके मुकाबले कुछ नहीं कर पाते, आखिर उनके पास भी तो समय हमारे बराबर ही है। रात-दिन को मिलाकर चौबीस घंटे ही।

इस मामले में अपनी परिचित एक महिला का उदाहरण देना सही मालूम पड़ता है। इस महिला का कहना था कि उसने अपनी नींद का समय तय कर रखा है, वह रात को दस बजे तक सो जाती है। इससे पहले सवेरे की तैयारी कर देती है जैसे कि सब्जी काटना, आटा गूंदना, दाल चुनकर रखना, बच्चों से उनका बस्ता लगवाना। उनकी यूनिफॉर्म निकालना, उनके मोजे जूतों में रखवाना, पानी की बोतल और लंच बाक्स अपनी जगह पर रखना। रात को सारा परिवार मिलकर खाना खाता है। परिवार में आपसी सामंजस्य और मेल-मिलाप के लिए जरूरी है कि सब इकट्ठे बैठकर खाना खाएं। बच्चे नौ बजे तक सो जाते हैं। इसके बाद यह महिला कोई टीवी प्रोग्राम देखती है। अगले दिन की तैयारी में जो कुछ बचा हो उसे पूरा करती है, पति से बातें करती है, हंसती, खिलखिलाती है।

रात को दस बजे सोने के बाद यह सवेरे पांच बजे उठती है। दोनों पति-पत्नी योग करते हैं। उससे पहले यह दाल और सब्जी बनने रख देती है। जितनी देर दोनों योग करते हैं, दाल, सब्जी बनकर तैयार हो जाती है। दाल-सब्जी की तैयारी रात को सोने से पहले ही कर दी गई थी, इसलिए कोई दिक्कत भी नहीं होती। इसके बाद दोनों चाय पीते हैं। बच्चों को उठाते हैं। पति बच्चों को नहलाने-धुलाने, तैयार करने में मदद करते हैं। महिला बच्चों का नाश्ता और स्कूल ले जाने का टिफिन तैयार करती है। जब तक पति बच्चों को स्कूल छोड़ने जाते हैं, वह दोनों के लिए दफ्तर ले जाने का खाना और नाश्ता तैयार कर देती है। पति कालेज में पढ़ाते हैं, इसलिए दोपहर में बच्चों के आने से पहले वह लौट आते हैं। उनका होमवर्क करा देते हैं। खाना गर्म करके तीनों साथ खा लेते हैं।

सवेरे रसोई का काम खत्म होने से पहले ही पति आकर घर की साफ-सफाई का जिम्मा संभालते हैं। महिला रसोई को संवारती है। दोनों के नहाने के बाद कपड़े वाशिंग मशीन में डालती है। जब तक नाश्ता करते हैं, तैयार होते हैं, कपड़े धुल जाते हैं। निकलने से पहले या तो वह या पति कपड़े सुखा देते हैं और इस तरह शाम तक का काम बिना किसी बाहरी मदद के पूरा हो जाता है। महिला कार ड्राइव करके ऑफिस चली जाती है। लौटते हुए दफ्तर के पास लगने वाली फल मंडी से बच्चों के लिए फल भी खरीदकर गाड़ी में रख लेती है। उसका कहना है कि जहां वह रहती है, वहां फल बहुत महंगे मिलते हैं और अच्छे भी नहीं होते, इसलिए वह यहां से खरीदती है। बचत भी होती है।

एक बार ऑफिस के टाउन हाल में इस महिला ने जब अपनी दिनचर्या के बारे में बताया, तो सब बहुत चकित हुए। कइयों ने कहा कि तुम इनसान हो या रोबोट। इतने सारे काम कैसे कर लेती हो। थकती नहीं हो। फिर नौकरी भी करने आ जाती हो। संयोग से ये दिन साल के आखिरी दिन ही थे। बहुत से लोग उसे लेडी राबिन्सन क्रूसो भी कहने लगे।

महिला उनकी बातें सुनकर हंसी। उसने कहा आप लोग हर नए साल के शुरू होने से पहले बहुत से संकल्प लेते होंगे। जिनमें स्वास्थ्य सम्बंधी संकल्प भी होते होंगे। बचत करने की बात होती होगी। परिवार के साथ समय बिताने के बारे में भी सोचते होंगे। योग, एक्सरसाइज भी शिड्यूल में होते होंगे। आप ही बताइए जिस दिनचर्या के बारे में मैंने आपको बताया, उसमें इनमें से कौन-सी चीज छूट गई। मैं और मेरे पति अपने परिवार की देखभाल करते हैं। अपने स्वास्थ्य के बारे में सोचते हैं तभी योग करते हैं। घर की साफ-सफाई भी एक्सरसाइज ही समझिए। जितना समय हम जिम में आने-जाने में खर्च करते, उतने समय में घर के काम भी पूरे हो जाते हैं और हमारी एक्सरसाइज भी। अच्छे स्वास्थ्य के लिए घर का खाना जरूरी माना जाता है इसलिए हम कोशिश करते हैं कि घर का खाना ही खाएं, वही बच्चों को खिलाएं। हां, कभी-कभार की बात और है। यही नहीं, हम बचत के बारे में भी सोचते हैं क्योंकि अभी तो उम्र है कमाने की, एक दिन ऐसा आएगा कि उम्र तो बची रहेगी, लेकिन कमाने के साधन खत्म हो जाएंगे, इसलिए हर एक के लिए बचत जरूरी है। हम वही करते हैं। अपने बच्चों के नाम से भी हमने वे अकाउंट्स खुलवा रखे हैं जिनसे बड़े होकर उन्हें पढ़ने-लिखने में सुविधा होगी। अलग से पैसे का इंतजाम नहीं करना पड़ेगा। हम समय पर सोते हैं और समय पर उठते हैं। और दिलचस्प बात यह है कि हमारे पास कभी भी समय की कमी नहीं पड़ती। सारे काम पूरे होने के बाद भी समय बचा रहता है। साल में दो बार छुट्टियां लेकर हम बच्चों को घुमाने ले जाते हैं। उस महिला की बात सुनकर एक और स्त्री ने सवाल किया था कि क्या कभी इतने काम से बोर नहीं होतीं।

इस पर स महिला ने कहा था कि काम से बोर आप तब होते हैं, जब आप एक ही किस्म का काम लगातार करते रहें। मेरे पास तो सवेरे से शाम तक सब अलग-अलग तरह के काम हैं। मैं उन्हें इन्जाय भी बहुत करती हूं। पति का सहयोग है, तो कामों में कोई दिक्कत भी नहीं होती। मैं हर साल शुरू होने से पहले सोचती हूं कि इस साल भी उसी तरह से काम करती रहूंगी जिस तरह से पिछले साल किया। और देखिए कि काम पूरे हो जाते हैं। जब मैंने गाड़ी खरीदी थी तो पति ने भी कहा था कि ड्राइवर रख लूं। लेकिन मुझे लगा कि क्यों न खुद चलाना सीखूं। इससे मुझे भी एक नई विद्या आएगी और आना-जाना आसान होगा। अब सारे परिवार को कहीं जाना होता है तो या तो मैं या पति गाड़ी चलाते हैं। इस तरह हम कहीं जा भी पाते हैं और किसी पर निर्भरता भी नहीं है। संसार की सबसे बुरी बात अपने काम के लिए दूसरों पर निर्भरता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

पीएम जनमन योजना का लाभ देने बिरहोर परिवारों तक पहुंच रहा प्रशासन

रायगढ़। प्रधान मंत्री जनमन योजना का लाभ देने प्रशासन जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों तक पहुंच रहा है। उन्हें आवास, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधाओं सहित शासन की अन्य सभी योजनाओं से शत प्रतिशत जोडने् की पहल चल रही है। इसके लिए रायगढ़ जिले के सभी बिरहोर बहुल गांवों को चिन्हांकित कर वहां प्रशासन की संयुक्त टीम सर्वे अभियान चला रही है। सीईओ जिला पंचायत जितेंदर यादव तमनार ब्लॉक के हिंगझीर, कचकोबा और कोडकेल के निरीक्षण में पहुंचे। यहां पीएम जनमन योजना के शिविर लगाए गए हैं। सीईओ श्री यादव ने यहां योजना के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। पंचायत स्टाफ द्वारा बताया गया कि इन गांवों में बिरहोर समुदाय के 48 परिवार के 158 व्यक्ति निवासरत हैं। आवास योजना के तहत 19 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है। बाकी शेष परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। सीईओ श्री यादव ने चिन्हांकित लोगों के आवास से जुड़ी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

शहर के प्रमुख स्थान और पर्यटन स्थल में पुलिस जवान तैनात

कोरबा। कोरबा अंचल में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने ड्रिंक - ड्राइव के खिलाफअभियान चला दिया हैं। बताया गया हैं की पुराने साल की विदाई और नए साल के जश्न में शराब पीकर या शराब ले जाते हुए पकड़े गए तो एक सप्ताह के लिए गाड़ी जब्त हो जायेगी। वर्ष 2023 की समाप्ति और वर्ष 2024 का आगमन इन दोनों मौके पर जश्न के रूप में मनाने के लिए लोग अपने-अपने तरीके से इंतजाम करने लगे हैं। अब प्रमुख पर्यटन केंद्र में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही हैं। ऐसे में कोई घटना.दुर्घटना ना हो और आम लोग बेहतर तरीके से इस जश्न को मना सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने विशेष पहल की है। जिले के प्रमुख स्थान और पर्यटन केंद्रों में पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते या शराब लेकर जाते हुए वाहन सवार लोगों को बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा। यदि शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े गए ।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने वनांचल क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए लगाई सौगातों की झड़ी

आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का दिया आश्वासन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा दूसरे दिन भी वनांचल क्षेत्र में सघन दौरा किया। डिप्टी सीएम श्री शर्मा सुबह 8 बजे से वनांचल के दौरे पर निकल गए। सुदूर वनांचल क्षेत्रो के रेंगाखार जंगल से चिल्फी के मुख्यमार्ग पर पड़ने वाले सभी ग्रामो में पहुंचकर वहां के स्थानीय विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवार, किसान, ग्रामीणजन, महिलाएं और युवाओ से सीधा संवाद किया, वही ग्रामीणों की मांग पर सर्व समाज के लिए सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए घोषणा की।

इसके बाद उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सुदूर वनांचल ग्राम बोक्करखार पहुंचे। उन्होंने वनांचल के सिवनीखुर्द, समनापुर, शीतलपानी, बहनाखोदरा, सिवनिकला चिल्फी और बोक्करखार में सभाएं ली। वनांचलवासियों द्वारा उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया साथ ही लोक पारंपारिक राउत नाचा से भी स्वागत करते हुए मंच स्थल तक ले जाया गया।

उन्होंने ग्राम समनापुर में बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख रुपए, सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम बरबसपुर में बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए 5 लाख रुपए, शौचालय निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए देने साथ ही ग्राम ग्राम तीतरी में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख,सिवनिखुर्द में सामुदायिक हाल के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम सोनवाही में बालक आश्रम के लिए 10 लाख रुपए को घोषणा की। ग्राम झलमला में बस स्टैंड के लिए हर संभव प्रयास करने का विश्वास दिलाया। ग्राम शितलपानी में दो अलग-अलग सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2-2 लाख देने की घोषणा की। ग्राम चिल्फी में सरस्वती शिशु मन्दिर के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम बेंदा में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम बोक्करखार के आमापानी मे तेंदूपत्ता फड़ खोलने के घोषणा की। इसके अलावा बोक्करखार, शम्भूपीपर में मंच निर्माण के लिए 3-3 लाख, देने की घोषणा की। इसी प्रकार मुडघुसरी मैदान तक पहुँचमार्ग, बाहपानी से बारहापानी तक, महली घाट सड़क की मांग पर इस आगामी बजट में शामिल कराने की बात कही।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2023 के दिसम्बर माह में हमारी नई सरकार बनी है और सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री श्री साय जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी को पूरा किया जा रहा है। राज्य की पहली केबिनेट बैठक में मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य के 18 लाख परिवारों को पक्का आवास देने का वादा निभाया है। इसके बाद किसानों को पिछले 2 साल का धान का बोनस दे कर मोदी की गारंटी को निभाया है। इसी प्रकार किसानों से एक और वादा को पूरा करते हुए इसी साल से ही 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा हमने किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 सौ रुपए में देने का वादा किया है, उसे भी पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को धान का 31 सौ रुपए के हिसाब से एकमुश्त राशि एक साथ भुगतान किया जाएगा। हम किसानों को शेष राशि क़िस्त-क़िस्त में नही देंगे। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में मोदी की भी गारंटी को पूरा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वनांचल क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा परिवार के संवाद करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार कबीरधाम जिले में निवासरत सभी बैगा परिवारों के लिए पक्का आवास की व्यवस्था करेगी।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को रहने के लिए पक्का आवास की व्यवस्था हो, साथ ही मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, दूरसंचार, शिक्षा की पूरी व्यवस्था हो इस बात की चिंता कर रहे है। विशेष पिछड़ी बैगाजनजाति परिवार को यह सभी मूलभूत सुविधा मिले इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना बनाई गई है। इस योजना का क्रियान्वयन कबीरधाम जिले में भी शुरू हो गई है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल,कैलाश चन्द्रवंशी, मनीराम साहू, मन्तु पोर्ते, सन्तराम धुर्वे, नीतेश अग्रवाल, बृजेन्द्र तिवारी, गणेश तिवारी, क्रांति गुप्ता, डॉ टीआर राणा, भुनेश्वर पटले, सीएल भगत सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों ने शान्ति शिखर में मनाया नववर्ष का उत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्यों ने नए वर्ष का उत्सव अपने नवा रायपुर स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड -शान्ति शिखर के खूबसूरत ऑडिटोरियम में मनाया। इस सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम में पन्द्रह सौ लोगों के कुर्सियों पर बैठने की क्षमता है।

इस अवसर पर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी को माउण्ट आबू से प्राप्त मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी जी का पत्र पढ़कर सुनाया। इस पत्र में दादी जी ने सभी को गुणों व विशेषताओं का सहयोग देने, पुरूषार्थ में तीव्रता लाने, लोगों की दुआएं प्राप्त कर पुण्य जमा करने और परमात्मा की याद रूपी छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी गई। इसके अलावा ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी में उमंग उत्साह भरते हुए पुराने वर्ष की बिदाई के साथ ही अपने पुराने और अप्रिय स्वभाव, संस्कारों को बिदाई देने का दृढ़ संकल्प कराया।

समारोह में संयुक्त जिलाधीश उज्जवल पोरवाल (आईएएस) भी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से अपने जीवन को सुख और शान्तिमय बनाने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि शान्ति शिखर भवन अशान्त लोगों को शान्ति की राह दिखाएगा।

समारोह में स्थानीय कलाकार कु. शारदा नाथ ने अपनी मधुर आवाज में नये वर्ष का स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पश्चात ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े हुए रायपुर के बाल कलाकारों ने विभिन्न गीतों पर शानदान नृत्य प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। अन्त में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी को स्वल्पाहार वितरित किया।

महापौर ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण गुणवत्ता के साथ कार्य कराने के दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कोरबा जिला नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र-46 अयोध्यापुरी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के अंतर्गत दर्री मुख्य मार्ग से सतनाम चैक अयोध्यापुरी में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

वहां के निवासियों की सड़क व नाली की मांग को पूरा कराने के लिए महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड वासियों से उनकी मांगों के अनुरूप कार्य कराने का आश्वासन दिया था। उसी के तहत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसके निरीक्षण पश्चात नगर पालिक निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तथा समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कराये जिसका लाभ वहां के लोगों को जल्द से जल्द प्राप्त हो सके।

महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड वासियों से चर्चा कर अन्य समस्या को जाना, तब वार्ड वासियों ने नाली की साफ-सफाई तथा कुछ स्थानों पर नाली के स्लैब टूट होने की जानकारी दी। जिस पर निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर उसे सड़क के साथ पहले नालियों की साफ-सफाई कर उसे ठीक कराने के निर्देश महापौर ने दिये। निरीक्षण के दौरान राजेन्द्र तिवारी, सर्वजीत सिंह, डॉ. एल.पी. साहू, भुवनेश्वर दुबे, सुरेन्द्र यादव, बी.एन. सिंह, मनोज अग्रवाल, जयकुमार कुर्रे, राजा कुशवाहा, नवीन वर्मा, नरेश कुमार, सुदर्शन, छत्रपाल आदि उपस्थित थे।

शानदार मार्च पास्ट से हुआ 31वीं राष्ट्रीय जूनियर फैंसिंग प्रतियोगिता का आगाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर के अग्रसेन धाम में आयोजित आज से प्रारंभ हुई 31 वीं राष्ट्रीय जूनियर फेंसिंग बालक-बालिका प्रतियोगिता का शानदार पुलिस बैंड के सुमधुर धुन पर सम्पूर्ण भारत वर्ष के 26 राज्यों के 536 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट करते हुए आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण के माननीय विधायक मोतीलाल साहू ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव मेहता (महासचिव ,भारतीय तलवारबाज़ी महासंघ) एवं विशेष अथिति राजपाल सिंह त्यागी पूर्व आई ए एस ,को सलामी दी।

खिलाड़ियों को शपथ छत्तीसगढ़ की राष्ट्रिय खिलाडी रश्मान कौर धीमान ने दिलाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण नन्द कुमार साहू , छत्तीसगढ़ लान टेनिस एसोसिएशन के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, लीलाधर चंद्राकर, पूर्व पार्षद, रानी दुर्गावती वार्ड 50, रायपुर, बशीर अहमद खान महासचिव छत्तसीगगढ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन, समीर खान, महासचिव छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ, रजिया खान, अध्यक्ष आयोजन समिति, शैख़ आसिफ सहसचिव आयोजन समिति, कमल रुपरेल सहसचिव आयोजन समिति, निखिल कुमार जम्भुलकर सहसचिव, आयोजन समिति, आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता, आयोजन समिति के सदस्य व्ही जॉनसन सोलोमन, मोहनीश वर्मा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के पदाधिकारीगण तथा विभिन्न राज्यों से आये पदाधिकारीगण उपस्थित थे। पुलिस बैण्ड पर राष्ट्रगान हुआ।

स्वागत उदबोधन प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के आयोजन सचिव श्री अजित सिंह पटेल ने बताया की इस राष्ट्रिय आयोजन में खिलाड़ियों - अधिकारीयों सहित 800 प्रतिभागी शामिल हो रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें,राजीव मेहता ने राज्य में खिलाडियों के बेहतर व्यवस्था के लिए प्रदेश फेंसिंग के आयोजन की सराहना करते छत्तीसगढ़ राज्य सरकार का आभार जताते हुए खिलाडियों को बेहतर सुविधा मिलने से निश्चित रूप से खेलों के साथ-साथ उनके मनोबल एवं प्रदर्शन में भी विकास दिखता हैं।

रायपुर ग्रामीण के नवीन विधायक श्री मोतीलाल साहू जी ने अपने उदबोधन में कहा मैं पहली बार इस बड़े खेल आयोजन का हिस्सा हूँ ,बड़े हर्ष एवं गौरव का विषय है की हमारी राजधानी के मेरे विधान सभा क्षेत्र में यह आयोजन हो रहा है ऐसे आयोजन से निश्चित रूप से सम्पूर्ण राज्य के खिलाडियों को मंच मिलता है और पहचान मिलती है उन्होंने कहा की वे प्रयास करेंगे की विभिन्न राज्यों से आये खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों का भ्रमण की व्यवस्था हो सकें।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

रबी फसलों की बोनी के लिए एक लाख 63 हजार 50 क्विंटल बीज वितरित

रायपुर। चालू रबी सीजन में राज्य के किसानों को सरकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक किसानों को विभिन्न रबी फसलों के 1 लाख 63 हजार 50 क्विंटल प्रमाणिक बीज प्रदाय किया गया है, जो कि इस साल रबी सीजन के बीज वितरण लक्ष्य का 50.23 प्रतिशत है।

गौरतलब है कि राज्य में रबी की विभिन्न फसलों के बीज की कुल मांग 3 लाख 24 हजार 565 क्विंटल है, जिसके विरूद्ध 1 लाख 86 हजार 145 क्विंटल बीज भण्डारण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 1 लाख 63 हजार 50 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है, जिसमें 99 हजार 311 क्विंटल गेंहू बीज, 45 हजार 49 क्विंटल चना, 1408 क्विंटल मटर , 2186 क्विंटल सरसों तथा 15 हजार 96 क्विंटल अन्य रबी फसलों के बीज का वितरण शामिल है।

मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय महादेव प्रसाद शर्मा के निधन पर जताया शोक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के कापू निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. महादेव प्रसाद शर्मा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय शर्मा स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव के साथ जनजाति समुदाय के कल्याण उत्थान की दिशा में सदैव कार्यरत रहे। उन्होंने रायगढ़ जिले में जनजाति लोगों के विकास के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य किया। उनके यशस्वी जीवन से हम सब ने प्रेरणा ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा के परिवार से उनके आत्मीय संबंध रहे हैं। इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति ईश्वर शर्मा परिवार को प्रदान करें।

किसानों को रबी सीजन के लिए अब तक 337.80 करोड़ का कृषि ऋण वितरित

रायपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार चालू रबी सीजन के लिए 900 करोड़ रुपए कृषि ऋण के रूप में किसानों को उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य के विरूद्ध अब तक किसानों को 337 करोड़ 80 लाख रुपए का ऋण रबी फसलों के लिए दिया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 37.53 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी अवधि में राज्य के किसानों को 202 करोड़ 22 लाख रुपए का ऋण प्रदाय किया गया था। बीते रबी सीजन 2022-23 में किसानों को 964 करोड़ रुपए का कृषि ऋण प्रदाय किया गया था।

ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों ने नवा रायपुर के शान्ति शिखर में मनाया नये वर्ष का उत्सव

रायपुर (ए)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सदस्यों ने नए वर्ष का उत्सव अपने नवा रायपुर स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड -शान्ति शिखर के खूबसूरत ऑडिटोरियम में मनाया। इस सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम में पन्द्रह सौ लोगों के कुर्सियों पर बैठने की क्षमता है।

इस अवसर पर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी को माउण्ट आबू से प्राप्त मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी का पत्र पढ़कर सुनाया। इस पत्र में दादी ने सभी को गुणों व विशेषताओं का सहयोग देने, पुरूषार्थ में तीव्रता लाने, लोगों की दुआएं प्राप्त कर पुण्य जमा करने और परमात्मा की याद रूपी छत्रछाया में स्वयं को सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी गई। इसके अलावा ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी में उमंग उत्साह भरते हुए पुराने वर्ष की बिदाई के साथ ही अपने पुराने और अप्रिय स्वभाव, संस्कारों को बिदाई देने का दृढ़ संकल्प कराया। समारोह में संयुक्त जिलाधीश उज्जवल पोरवाल (आईएएस) भी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से अपने जीवन को सुख और शान्तिमय बनाने का आग्रह किया।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अधिवेशन में हुए शामिल सीएम साय, बोले- आम जनता से किए हर वायदे पूरे करेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बलौदाबाजार जिले के सेम्हराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा और विधायक व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की शुरूआत में समाज के महान विभूतियों को उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ केंद्र की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र दीपक वर्मा को शिक्षा के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की मंजूरी की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ''परिणय पुष्प और ''अरपा छत्तीसगढ़शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर दो आदर्श विवाह संपन्न हुए, अतिथियों ने नवविवाहित दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कुर्मी समाज की पहचान एक राष्ट्रभक्त और मेहनतकश समाज के रूप में है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता आंदोलन में इस समाज के महापुरूषों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पांच वर्षों में आम जनता से किए हर वायदे को पूरे करेंगे। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही कैबिनेट की बैठक में हमने 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने का निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने की शुरूआत कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुसार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सालाना 12 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण होती है। पहले महिलाएं घर के कामकाज तक सीमित रहती थी, सामाजिक गतिविधियों में केवल पुरुषों का ही योगदान रहता था, लेकिन संवैधानिक प्रावधान के तहत उन्हें आरक्षण का भी लाभ मिल रहा है और महत्वपूर्ण स्थानों पर भी महिलाएं अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, समाज के पदाधिकारी चोवा राम वर्मा, धर्मेंद्र सरसिहा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

उमंग के साथ रायपुर में नव वर्ष का स्वागत

50 से अधिक होटल और रेस्तरां में देर रात तक झूमे लोग

रायपुर। नव वर्ष 2024 का शहरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। शहर के लभगभ 100 से अधिक होटलों और रेस्तरां में छोटे-बड़े कार्यक्रम हुए। 20 होटलों में बड़े आयोजन हुए। यहां नामी डीजे और कलाकारों ने लाइव प्रस्तुति दी।



नए साल का उत्सव मनाने 2023 की पुरानी यादें भुलाकर म्यूजिकल बीट्स पर लोग देर रात तक झूमते रहे। मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन भी परोसे गए। 11 बजकर 59 मिनट होते ही नए साल का काउंटडाउन शुरू हो गया। जोरदार आवाज में 60 सेकेंड्स की गिनती करते हुए केक काटकर लोगों ने उम्मीदों के साल का स्वागत किया सेरीखेड़ी स्थित होटल शेमराक बाय जार्डिन नव वर्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। यहां नव वर्ष का स्वागत वि रिटम पल्स टू प्वाइंट के साथ हुआ। डीजे पेरिशा और सुभाष मोइत्रा के सुरों पर लोग देर रात तक थिरकते रहे। इसके साथ ही यहां नाश्ता, डिनर, बुफे में पसंदीदा व्यंजनों का लुत्फभी उठाया। डीजे सुभाष मोइत्रा ने आजा आजा दिल निचोड़े.., केसररिया तेरा रंग..., दिल धड़कने दो..., तेरे लिए..., तू तू मेरी.. जैसे गाने पर सभी को जमकर झुमाया।

मोदी के मन की बात का लोगों में गहरा असरः बजाज

रायपुर (ए)। छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के तत्वावधान में श्रोताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात की 108 वी कड़ी का प्रसारण पाटन ब्लॉक के ग्राम मगरघटा में सामूहिक रूप से श्रवण किया गया।

श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवन की गहराइयों पर प्रकाश डालते हैं. आज उन्होनें मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जो जागरूकता संदेश दिया उसका आम लोगों में गहरा असर पड़ेगा। बजाज ने कहा कि राजधानी में गत दिनों एक परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या इसी मानसिक बीमारी का परिणाम है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक बजाज के अलावा वरिष्ठ उदघोषक श्याम वर्मा, अध्यक्ष परस राम साहू, डोमन सिंह ठाकुर, मुकेश शर्मा, दिनेश वर्मा, गोविंद प्रसाद चंद्राकार, रवि लाल सूर्यवंशी, प्रताप पांडे एवं केशव चंद्राकार सहित कई ग्रामीण जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बने निक्षय मित्रः टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आने की अपील की

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को दी जा रही है स्वास्थ्य सम्बंधित विभिन्न सुविधाएं

शिविरों में हितग्राहियों को वितरित किए जा रहे हैं आयुष्मान व सिकल सेल कार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने एवं अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में लोगों के की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग के साथ ही स्वास्थ्य से सम्बंधित विभिन्न सुविधाएं भी प्रदान कीजा रही है । शिविरों में हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ ही टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान किए जा रहे हैं ।

प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 15 दिसम्बर 2023 से की गई है । अब तक प्रदेश में 3 हजार 242 कैंप लगाए जा चुके हैं । अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इन कैम्पों में जाकर हितग्राहियों से मिलकर सिकलसेल कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड दिए गए एवं टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए । अब तक इन शिविरों में । लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई है साथ ही 1 हजार 325 लोग निक्षय मित्र बन टी.बी. मरीजों की मदद के लिए आगे आएं हैं जिनमें मुख्मंत्री विष्णु देव साय भी शामिल हैं उन्होंने टीबी रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए लोगों से निक्षय मित्र बनकर आगे आने की अपील की है।

कैम्पों में 5 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह दी गई । शिविरों में 4 लाख 99 हजार से अधिक की रक्तचाप जांच, 4 लाख 85 हजार की मधुमेह जांच, 2 लाख 88 हजार की सिकलसेल जाँच एवं 59 हजार से अधिक की एनसीडी स्क्रीनिंग कर उच्च स्वास्थ्य संस्था रेफर किए गए हैं । विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक 54 हजार 459 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं एवं इन शिविरों में 1 लाख 80 हजार से अधिक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं ।

राज्य में खाद-बीज और कीटनाशक औषधियों की गुणवत्ता की जांच जारी

■ **अमानक नमूने वाले विक्रेता संस्थानों को कारण बताओ नोटिस**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कृषि विभाग द्वारा चालू रबी सीजन में किसानों को प्रदाय किए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं कीटनाशक औषधि की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में खाद-बीज विक्रेता संस्थानों से रासायनिक उर्वरक, बीज और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। रबी सीजन-2023-24 में अब तक जांच पड़ताल में बीज के 37 नमूने, रासायनिक उर्वरक के 03 तथा पौध संरक्षण औषधि के 18 नमूने अमानक पाए गए हैं, जिनके लाट के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के साथ ही संबंधित फर्मों को कृषि विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। संयुक्त सचिव कृषि केसी पैकरा ने बताया कि चालू रबी सीजन में बीज के 2000 उर्वरक के 700 तथा पौध संरक्षण औषधि के 510 नमूने लिए जाने का लक्ष्य है। विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा अब तक बीज के 1765 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजकर परीक्षण कराया गया है। परीक्षण में 1569 नमूने मानक स्तर के तथा 37 नमूने अमानक स्तर के पाए गए हैं, जबकि 159 नमूने अभी परीक्षण की प्रक्रिया में हैं।

इसी तरह रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच-पड़ताल के लिए कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा 582 नमूने विभिन्न संस्थानों से एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं, अभी तक प्राप्त रिपोर्ट में 39 नमूने मानक स्तर के तथा 03 नमूने अमानक स्तर के मिले हैं। 538 नमूने अभी जांच की प्रक्रिया में हैं। अमानक बीज एवं खाद के लाट के विक्रय को विभाग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के साथ संबंधित संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग की टीम कीटनाशक औषधियों के गुणवत्ता की भी लगातार जांच कर रही है। जांच पड़ताल टीम ने अब तक कुल 341 सेम्पल विभिन्न फर्मों से लिए हैं, जिसमें से 119 सैम्पल मानक स्तर के और 18 अमानक पाए गए हैं। 182 सैंपल अभी जांच की प्रक्रिया में हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

डिलीवरी के बाद अपनी डाइट में शामिल करें ये 10 आहार

शरीर को मिलेगी ताकत

मां बनना किसी भी स्त्री के लिए किसी दूसरे जन्म से कम नहीं है। बच्चे को जन्म देना महिला के लिए एक ऐसा अनुभव होता है जिसे केवल महिला ही महसूस कर सकती है। महिलाओं के लिए डिलीवरी के बाद का समय काफी महत्वपूर्ण होता है। डिलीवरी के बाद महिला का शरीर बहुत ज्यादा कमजोर हो जाता है। क्योंकि लगातार ब्लीडिंग, पेट पर लगे टाँके, बॉडी में दर्द के कारण महिला बहुत ज्यादा दिक्कत का अनुभव करती है। इसलिए डिलीवरी के बाद महिलाओं को डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आहार के जरिए ही महिला का शरीर जल्दी रिकवर होता है और उसकी कमजोरी भी दूर होती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे आहार के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं जिन्हें डाइट में शामिल कर शरीर को ताकत दी जा सकती हैं। आइये जानते हैं इन आहार के बारे में...

अखरोट

अखरोट में एंटीऑक्सिडेंट, प्रोटीन, ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक बड़ा स्रोत होता हैं, साथ ही अखरोट हृदय और मस्तिष्क के लिए भी सेहतमंद माना जाता हैं। एक नई माँ के लिए अखरोट खाना सबसे अच्छे प्रकार के नट्स में से एक हैं। अखरोट को रातभर भिगोकर रख दें और सुबह उठकर खाएं। यह काफी फायदेमंद होता है। सुबह खाली पेट भीगे हुए अखरोट खाने से आप कई बीमारियों से बच सकती हैं।

देसी घी

प्रसव के बाद देसी घी का सेवन भी महिला के लिए बहुत फायदेमंद होता है। क्योंकि देसी घी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। महिला रोटी पर लगाकर, हलवा बनाकर, सब्जियों में डालकर व् अन्य तरीको से घी का सेवन कर सकती है। नोर्मल डिलीवरी तुरंत बाद से ही महिला घी का सेवन शुरू कर सकती है लेकिन सिजेरियन डिलीवरी होने पर और नोर्मल डिलीवरी के दौरान टाँके आने पर महिला को एक बार डॉक्टर से राय लेने के बाद ही घी का सेवन शुरू करना चाहिए।

खसखस के लड्डू

डिलीवरी के बाद शरीर में दर्द और सूजन की शिकायत रहती है तो आप खसखस का लड्डू घर में बनाकर खाएं। इसके सेवन से भी मांसपेशियों का दर्द दूर होता है और शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। डिलीवरी के बाद खसखस के लड्डू, खसखस का सूप, खसखस का हलवा या इसे दूसरी चीजों में मिलाकर भी सेवन किया जा सकता है।

ओट्स

प्रसव के बाद अगर आप अपनी डाइट में ऐसी चीजों को सेवन करना चाहती हैं, जो एनर्जी बूस्ट करे, तो ऐसे में आप ओट्स को अपने आहार का हिस्सा अवश्य बनाएं। आप इसे नाश्ते में खा सकती हैं। ओट्स जैसे होल ग्रेन फूड धीमी गति से रिलीज होने वाले कार्ब्स होते हैं, जो आपकी ऊर्जा के स्तर को स्थिर रखते हैं। इतना ही नहीं, ओट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और यह शरीर में आवश्यक आयरन के स्तर को बनाए रखने में मददगार है। साथ ही, ओट्स आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भी भरपूर होते हैं।

गोंद के लड्डू

यह मां के लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन दिनों मां अंदर से कमजोरी होती है। गोंद के लड्डू मां को ताकत देते हैं। इसके साथ ही मां को स्तनपान कराना होता है। गोंद के लड्डू खाने से मां का दूध बढ़ता है, जिससे बच्चे को दूध की कमी नहीं होती है। आप रोजाना एक लड्डू दूध के साथ खाएं।

सेब

ये फल 12 महीने बाज़ार में उपलब्ध रहता है। ऐसे में अगर आप बहुत कमज़ोरी महसूस कर रही हैं, तो आपको तुरंत सेब खाना चाहिए। सेब खाने से शरीर में तुरंत ऊर्जा आती है। इसके अलावा, इसमें पर्याप्त एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं। जो आपको कई और बीमारियों से बचाने का काम भी करता है। इसके साथ ही, यह आपके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

सौंफ का पानी

प्रसव के बाद डाइजेशन की समस्या रहती है और पेट में गैस बनना, कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। पेट में जलन आदि भी रहती है। ऐसे में अगर रोज एक गिलास पानी में 1 चम्मच सौंफ को उबालकर इसे पिया जाए तो काफी राहत रहती है।

हरिरा

हर क्षेत्र में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। यह ड्राई फरूट्स, अदरक और आटे जैसी चीजें मिलाकर बनाया जाता है। इसे गर्म-गर्म खाया जाता है। डिलीवरी के बाद सवा महीने इसे जरूर खाना चाहिए। यह मां को रिकवर करने में मदद करता है। इसके सेवन से मां का दूध अच्छा आता है और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए भी यह काफी लाभकारी होता है।

अजवाइन का पराठा

डिलीवरी के बाद अजवाइन खाने से पेट की समस्या दूर रहती है और दर्द कम होता है। इसमें हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो शरीर को अंदर से हील करने में मदद करती है। इसके अलावा गेंहू के आटे और अजवाइन में खूब फाइबर होता है जो पाचनक्रिया दुरुस्त रखने का काम भी करता है।

मूंग-मसूर की दाल

छिलके वाली मसूर की दाल स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होती है। खासकर डिलीवरी के बाद महिला को यह जरूर खानी चाहिए, क्योंकि यह आसानी से पच जाती है। इसमें फाइबर होता है, जो कि मां को कब्ज होने से बचाए रखता है। इसे खाने से न तो मां को दिक्कत होती और न ही शिशु को कोई परेशानी होती है। इसके विपरीत यह दाल खाने से मां का दूध बनता है, जो बच्चे के लिए लाभकारी है।

मेकअप का जरूरी हिस्सा हैं ब्लश

स्किन टोन के अनुसार करें इसका चुनाव

मेकअप करना हर महिला को पसंद होता हैं जो उनके रूप को संवारने में मदद करता हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी हैं कि आप मेकअप में कुछ जरूरी चीजों को शामिल करें। ऐसी ही एक हैं ब्लश जो मेकअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे चाहे आप मेकअप के ऊपर लगाएं या सिर्फ़ स्किनकेयर बेस लगाने के बाद, चिक्स पर लगाएं या चिक्सबोन पर, इसके जुड़ते ही आपके चेहरे पर एक अलग तरह की चमक आ जाती है और चेहरे का ग्लो बढ़ जाता है। यह एक रिफ्रेशिंग लुक देता है, लेकिन यह आपकी स्किन पर तभी अच्छा लगता है, जब आप सही तरह से इसका इस्तेमाल करें। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह की स्किन के लिए कौनसा ब्लश बेहतर रहेगा और इसे लगाने का सही तरीका क्या हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

फेयर स्किन टोन

ब्लशर फेस को आकर्षक बनाने के साथ चिक बोन को उभारने का काम भी करता है। ब्लशर का चुनाव हमेशा स्किन टोन के अनुसार करना चाहिए। इससे मेकअप फरफेक्ट लगता है। जैसे गोरी या पीली स्किन वालों को लाइट पिंक या पीच कलर का चुनाव करना चाहिए। पिंक कलर मेकअप को नेचुरल लुक देगा। वैसे तो गोरी रंगत वाले किसी भी लाइट कलर का चुनाव कर सकते हैं लेकिन ड्रेस और लिपस्टिक के कलर का चुनाव उनके मेकअप को आकर्षक लुक दे सकता है।

मीडियम स्किन टोन

मीडियम स्किन टोन वाली महिलाओं के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि अलग-अलग लुक को हासिल करने के लिए आप बहुत सारे शेड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। पिंक या पीच कलर आपकी स्किन को एक नेचुरल लुक देता है, वहीं अगर आप एक बोल्ड लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप चमकीला गुलाबी रंग शेड को चुन सकती हैं। इस तरह आप कई तरह के कलर्स के साथ एक्सपेरिमेंट करके अपने मेकअप में डिफरेंट लुक्स क्रिएट कर सकती हैं।

डार्क स्किन टोन

डार्क स्किन टोन वाली महिलाएं मेकअप और ब्लश को लेकर काफी कंफ्यूज रहती हैं। डार्क स्किन टोन की महिलाओं को ऐसे शेड्स का चुनाव करना चाहिए जो उनकी रंगत को निखार सके न कि डल और दबा हुआ दिखाए। डार्क स्किन वालों को बोल्ड कलर्स का चुनाव करना चाहिए। ये कलर वॉर्म अंडरटोन के साथ परफेक्ट लुक देते हैं। गालों को उभारने के लिए आरेंज कलर का भी चुनाव किया जा सकता है।

ब्लश लगाने का सही तरीका

फाउंडेशन का बेस तैयार करने के बाद ब्लश लगाना चाहिए। ब्लश के लिए एक अच्छा ब्लेंडिंग ब्रश होना चाहिए। ब्रश पर ब्लशर लें और गालों पर लगाने से पहले अपने हाथ पर डैब करें और उसके बाद इसे गालों पर लगाएं। इससे एक्सेस ब्लश हाथों पर रह जाएगा और गाल पर ब्लेंडिंग आसान होगी। ब्लशर लगाने के बाद उसे ब्रश से अच्छे से ब्लेंड करना न भूलें। ब्लशर हमेशा कान से गाल की तरफ लाएं। चिकबोन से नीचे लगाते हुए इसे कान की तरफ ही ब्लेंड करें।

ब्लशर लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

ब्लशर का यूज बहुत ज्यादा या गहरा न करें। ब्लश केवल आपके गालों को हाइलाइट करने के लिए होते हैं। यदि इसे ज्यादा लगाया जाए तो ये मेकअप को बिगाड़ सकता है। ब्लशर को हमेशा कान से नाक की ओर लाएं। चिकबोन से नीचे की ओर गालों के पास इसे लगाना चाहिए। एक अच्छा ब्रश इसे लगाने और ब्लेंड करने के लिए होना जरूरी है।

बल्शर के साथ लगाएं ये चीजें

ब्लशर लगा कर आप ये न सोचें की आपका मेकअप कंप्लीट हो गया। ब्लशर के साथ चिकबोन के पास ऊपरी तरफ हाईलाइटर का प्रयोग जरूर करें। यदि ऐसा न किया जाए तो आपका चेहरा सपाट सा नजर आएगा। हाईलाइटर आपके फेस के उन हिस्सों को उभारता और शेप देता है, जिससे आपका मेकअप चेहरे पर ओवरपावर नहीं होने पाता।

चिकबोन के ऊपरी हिस्से, माथे, नाक और ठुड्डी के पास हाईलाटर लगाने के बाद ही आपका मेकअप कंप्लीट होता है।

बहुत अधिक प्रोटीन लेने से नजर आते हैं ये संकेत

कहते हैं कि किसी भी चीज की अति क्षति का कारण बनती है। ऐसा ही कुछ हमारे आहार व पोषक तत्वों के साथ भी होता है। शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का आहार में होना आवश्यक है। लेकिन जिस तरह इनकी कमी से आपको परेशानी होती है, ठीक उसी तरह इनकी अधिकता भी सेहत के लिए ठीक नहीं है। जब आप किसी भी पोषक तत्व जैसे प्रोटीन का सेवन अधिक मात्रा में लेते हैं तो यह भी आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो यह बताते हैं कि आप आवश्यकता से अधिक प्रोटीन का सेवन कर रहे हैं-

वजन बढ़ना:- वेट लॉस के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना जरूरी है। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा प्रोटीन का सेवन करते हैं तो यह वेट गेन की समस्या को जन्म दे सकता है। खासकर अगर प्रोटीन हाई फैट सोर्स जैसे रेड मीट से आ रहा हो।

बॉडी में डिहाइड्रेशन होना:- जब आप अधिक मात्रा में प्रोटीन लेते हैं तो इससे उसे पचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना जरूरी होता है। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते हैं तो इससे हाई प्रोटीन के कारण आपकी बॉडी डिहाइड्रेट होती है। इसलिए, अगर आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो रही है तो हो सकता है कि आप आवश्यकता से अधिक प्रोटीन ले रहे हों।

किडनी की समस्या:- बहुत अधिक प्रोटीन का सेवन करना आपकी किडनी के लिए भी नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल, जब आप बहुत अधिक प्रोटीन लेते हैं तो इससे किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। ऐसे में किडनी स्टोन होने की संभावना बढ़ जाती है। कभी-कभी तो इसके कारण किडनी भी खराब हो सकती है।

कब्ज की समस्या होना:- अगर आप अपनी डाइट में आवश्यकता से अधिक प्रोटीन का सेवन करते हैं तो इससे आपके पाचन तंत्र में समस्या हो सकती है। दरअसल, प्रोटीन का अधिक सेवन कब्ज पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं, इससे आपको पेट की परेशानी, सूजन और गैस हो सकती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

उपमुख्यमंत्री विजय कवर्धा में पांच दिवसीय आवासीय योग-यज्ञ रोजगार शिविर में हुए शामिल

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को अंबेडकर भवन में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय योग-यज्ञ रोजगार शिविर के समापन अवसर में शामिल हुए। यह शिविर पतंजली योगपीठ हरिद्वार के तत्ववधान में आयोजित था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के शिविर में पहुंचने पर पतंजलि योगपीठ के पदाधिकारियों ने पुष्पमाला व आरती लेकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन में हरिद्वार से आए स्वामी विप्रदेव जी, स्वामी नरेन्द्र देव, स्वामी राहुल देव, आचार्य यशवंत, योग गुरुजनों का छत्तीसगढ़ की इस पावनधरा में स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पूरे भारत मे योग शिक्षा की शुरुआत हुई है। उन्होंने राज्य के भी नागरिको अपने जीवन एवं दिनचर्या में योग से जुड़ने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि योग से सकारात्मक शक्ति मिलती है, इससे शरीर निरोग होता है। उन्होंने समिति की मांगों को सैद्धान्तिक सहमति देते हुए योग को और बढ़ावा देने के लिए हरसंभव छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से मदद करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव मोतिराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, गणेश तिवारी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, उमंग पाण्डेय, अजय सिंह ठाकुर, राजकुमार वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, पतंजली योगपीठ के सदस्य उपस्थित थे। पंतजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने बताया कि इस पांच दिवसीय आवासीय योग-यज्ञ रोजगार शिविर का कबीरधाम जिला सहित कोरबा, जांजगीर, बेमेतरा, रायपुर, गौरेला-पेन्ड्रा-मारवाही, मुंगेली, राजनांदगांव, दुर्ग के लगभग 200 लोगों ने लाभ लिया।

शिविर में 17 हितग्राहियों का बनाया गया आधार कार्ड

जशपुरनगर। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आज बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत भितघरा में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं बैंक खाता खोलन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा आर. एस. लाल के द्वारा शिविर का निरीक्षण कर जारी कार्यवाहियों का जायजा लिया गया । शिविर में कार्यवाही के दौरान कुमारी अलीशा बाई पिता स्वर्गीय दशरथ राम ग्राम बलियाटोली, ग्राम पंचायत रेंगले अनुविभागीय अधिकारी को समक्ष में उपस्थित होकर अपना समस्या से अवगत कराया गया। कुमारी अलीशा बाई के कथानानुसार उनके माता-पिता दोनों का स्वर्गवास हो चुका है और उनका भाई अनूप पहाड़िया ग्राम कुरकुरिया में घर जमाई बनकर निवास कर रहे हैं। अपनी समस्या के अंतर्गत कुमारी अलीशा के द्वारा पहाड़ी कोरवा होते हुए भी जाति प्रमाण पत्र का ना बनना बताया गया साथ ही रोजगार की आवश्यकता से भी अवगत कराया गया। उक्त बातों को एसडीएम आर. एस. लाल के द्वारा अत्यधिक गंभीरता से लेते हुये तत्काल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बगीचा एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर को समस्या से अवगत कराया गया।

अव्यवस्थाः ठंड में रातभर जागना किसानों की मजबूरी

धान बेचने के लिए हर दिन लगती है टोकन के लिए लंबी लाइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

जीपीएम। छत्तीसगढ़ का अन्नदाता किसान अपने उत्पादित धान को समर्थन मूल्य में बेचने के लिए दिसंबर जनवरी की कढकड़ाती ठंड में रतजगा करने को मजबूर है। उसे अपने धान को बेचने के लिए पहले टोकन काटना होता है। उसके बाद धान बिक्री की तिथि मिलने के बाद वह अपने धान को बिक्री के लिए खरीदी केंद्र लेकर आता है। हालांकि शासन ने टोकन काटने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी की है। परंतु उसका प्रतिशत लिमिटेड होने के कारण किसानों को प्रतिदिन टोकन के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है टोकन के लिए वे पहले नंबर पाने को रात भर खरीदी केंद्र के बाहर रतजगा कर बैठे रहते हैं।

छत्तीसगढ़ी में कहावत है कि दूबर के दू असाढ याने गरीब आदमी को समस्या के ऊपर समस्या, कहने को तो किसान अन्नदाता कहलाता है। परंतु अन्नदाता की जो दुर्दशा हो रही है, उसकी एक बानगी देखना हो तो पेंड्रा के कृषि उपज मंडी के बाहर धान खरीदी केंद्र में आकर देखा जा सकता है। किसान अपने धान को बेचने के लिए किस तरीके से संघर्ष कर रहा है, जैसे उसने धान की फसल उपज कर कोई अपराध कर दिया हो।

पेंड्रा कृषि उपज मंडी के बाहर इकट्ठे यह किसान हाथ में कंबल, आग का अलाव जलाकर सुबह होने का इंतजार कर रहे हैं।

जब सुबह मंडी खुलेगी तब शासन द्वारा समर्थन मूल्य में खरीदी करने वाला प्रबंधक उनके नंबर के हिसाब से उन्हें किस तिथि में अपना धान लाकर बेचना है, उसकी तिथि का टोकन देगा हालांकि शासन ने प्रतिदिन 2200 क्विंटल धान खरीदने की व्यवस्था दी है। जिसमें 40 फीसदी याने 880 क्विंटल ऑनलाइन टोकन काटने की व्यवस्था है, शेष 1320 क्विंटल काउंटर पर ऑनलाइन किसान आकार कटा सकता है।

इसी 1320 क्विंटल धान का टोकन लेने के लिए किसान रात भर रतजगा करने को मजबूर है, उनकी मजबूरी का कारण भी जायज जान पड़ता है। पहला तो सभी किसान पढ़े लिखे नहीं हैं जो ऑनलाइन टोकन कटा सके और काउंटर में 1320 क्विंटल क्विंटल बचे हुए धान पर छोटे किसान टोकन काटते हैं तो इस प्रतिदिन खरीदे जाने वाले धान के कोटे में अगर कोई बड़ा दो-तीन किसान आ गए तो उनका नंबर दो-तीन दिन तक नहीं आता, ऐसे में पहले आओ पहले पाओ के चक्कर में किसान रात भर खरीदी केंद्र के बाहर रतजगा करने को मजबूर है।

जहां पर किसानों की समस्याओं के साथ-साथ खरीदी केंद्र प्रभारी से भी बातचीत की है। जिसमें किसानों ने अपनी समस्या को रखा है, जबकि खरीदी केंद्र प्रभारी ने भी बात रखते हुए कहां है कि पहले की सरकार में टोकन वेटिंग 15 दिन तक काटा जा सकता था। जबकि वर्तमान सरकार ने प्रतिदिन ही टोकन काटने की अनुमति दे रखी है, जिसके कारण किसानों को रतजगा करना पड़ रहा है।

फॉयल बालिका वर्ग व्यक्तिगत इवेंट के नॉक आउट दौर में पहुंचे छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर के अग्रसेन धाम में आयोजित आज से प्रारंभ हुई 31 वीं राष्ट्रीय जूनियर फेंसिंग बालक-बालिका प्रतियोगिता का शानदार पुलिस बैंड के सुमधुर धुन पर सम्पूर्ण भारत वर्ष के 26 राज्यों के 536 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट करते हुए आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव मेहता (महासचिव ,भारतीय तलवारबाज़ी महासंघ) एवं विशेष अथिति राजपाल सिंह त्यागी पूर्व आई ए एस ,को सलामी दी।

खिलाड़ियों को शपथ छत्तीसगढ़ की राष्ट्रिय खिलाडी रश्मान कौर धीमान ने दिलाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रायपुर ग्रामीण नन्द कुमार साहू , छत्तीसगढ़ लान टेनिस एसोसिएशन के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, लीलाधर चंद्राकर, पूर्व पार्षद, रानी दुर्गावती वार्ड 50, रायपुर, बशीर अहमद खान महासचिव छत्तसीगगढ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन, समीर खान, महासचिव छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ, श्रीमती रजिया खान, अध्यक्ष आयोजन समिति, शैख़ आसिफ सहसचिव आयोजन समिति, कमल रुपरेल सहसचिव आयोजन समिति, निखिल कुमार जम्भुलकर सहसचिव, आयोजन समिति, आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष राम प्रताप गुप्ता, आयोजन समिति के सदस्य व्ही जॉनसन सोलोमन, मोहनीश वर्मा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के पदाधिकारीगण तथा विभिन्न राज्यों से आये पदाधिकारीगण उपस्थित थे। पुलिस बैण्ड पर राष्ट्रगान हुआ।

पूर्व सीएम ने मजदूरों के साथ की नए साल की शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हर बार नए साल की शुरुआत मजदूरों के साथ करते हैं। इस बार भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन के पास मजदूरों के बीच नए साल की शुरुआत करने पहुंचे। उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नववर्ष की प्रदेशवासियों को बधाई दी।

इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी नई शुरुआत मजदूर साथियों के साथ किया है, हर बार करते हैं। ये परम्परा हम जारी रखे हैं, मजदूरों के हित में हमारी सरकार ने शुरू किया। गरीब के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सके इसलिए लिए हमने आत्मानंद स्कूल खोले, आज पूरे देश में 5 किलो राशन मिलता हैं, हमारी सरकार 35 किलो देना शुरू किया, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जेनेरिक मेडिकल, हार्ट बाजार क्लिनिक योजना, मोहहल्ला में जाकर गरीबों का इलाज किये, सभी वार्ड में मेडिकल मोबाइल यूनिट जाता था, तमाम प्रकार के इलाज होते थे, ये सब हमने शुरू किया. गरीबों की आय बढ़े इसके लिए गौमाता की सेवा के माध्यम से गोबर गौमूत्र खरीदे, लाखों परिवारों की आय बढ़ी, स्व सहायता समूह की महिलाओं को काम दिया, मेहनतकश साथी को सम्मान देना का काम किया, मजदूर दिवस के दिन बोरे-बासी, चीला-फरा, अंगाकर रोटी का भी मजा लिए, जब हम सरकार में थे तो ये सब शुरुआत किये थे। 2024 मंगलमय हो यही कामना है।

साहू समाज एक विकसित समाज है - उप मुख्यमंत्री साव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बेमेतरा जिले के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन और नव निर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। डिप्टी सीएम ने समारोह में भक्त माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज द्वारा प्रकाशित साहू स्मारिका के 10वें अंक का विमोचन किया। समारोह में पधारे समाज के सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायकों का शाल ओढ़ाकर, फल और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता हीरालाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मंगत साहू सहित साहू संघ के पदाधिकारीगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन यह बताता है कि साहू समाज एक विकसित समाज है। इस अवसर पर उन्होंने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में किसी के पास समय नहीं है और हर एक को जल्दी है, यह युवक-युवती परिचय सम्मेलन इसी का परिचायक है, इसी का एक स्वरूप है, जहां पर सब इकट्ठा होकर, एक दूसरे को जान सके और समय की भी बचत हो सके। साहू समाज की विशेषता यह है की यह समाज ईमानदारी के साथ मेहनती है। समाज के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। प्रदेश साहू संघ समाज की कुरुतियों को दूर करने के उद्देश्य से पूरी ताकत लगाई है इसके लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन। मेरा आप सभी से निवेदन और आग्रह है घर के सदस्य के साथ जो व्यवहार होता है वैसी व्यवहार सभी से करना यही निवेदन और आग्रह करता हूं लेकिन मैं कर्मा माता से भी प्रार्थना करता हूँ की मैं जैसे कल था आगे मुझे वैसे ही रखना, मै प्रार्थना करता हूं की कभी भी पद का घमंड और गुरुर मेरे सर पर ना चढ़े ये जो मुझे मिला है वह बहुत बड़ा जवाबदारी है आप सब के आशीर्वाद से आप सब के सहयोग से मुझे ये मिला है ईमानदारी और मेहनत साहू समाज की विशेषता है। बेमेतरा में युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन यह बताता है कि युवक-युवती रिश्ता ढूढने में बहुत पैसा और समय की बचत होती है। युवक-युवती सम्मेलन का आयोजन के लिए बधाई और शुभकामना। स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद के लिए सबको धन्यवाद। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को शुभकामनाएं। उन्होंने परिचय सम्मेलन में आए युवा भाई, युवती बहन को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में नागरिकों को मिल रहा स्वास्थ्य सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

सारंगढ़-बिलाईगढ़। शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन राज्य में 16 दिसम्बर 2023 से किया जा रहा है। इसके तहत कुल 17 योजनाओं की उपलब्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमे पूरे प्रदेश के 33 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 11664 ग्राम पंचायत एवं 170 शहरी क्षेत्र शामिल होंगे। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में इन सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार गाँव-गाँव, घर-घर , जन-जन तक ले जाने का अथक प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोग जागरूक हों और समस्त प्रकार के योजनाओं का लाभ ले सकें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के कुशल नेतृत्व में जिले के कुल 3 विकासखंडो के 349 पंचायत हैं जहाँ कुल 137 स्वास्थ्य केंद्र हैं। जिसके अंतर्गत अभी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के 63 कार्यक्रम हो चुके हैं जिसमें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 19033 मरीजों की स्क्रीनिंग पश्चात 452 मरीजों को रिफर किया तथा प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 59 मरीजों का कंसेंट लिया गया। 14 मरीजों का निःक्षय रजिस्ट्रेशन, 9 मरीजों के बैंक खाते लिए गए हैं।

इसी तरह सभी ग्राम पंचायतों को कवर करने के उद्देश्य से बनाये गए रुट चार्ट के अनुसार होने वाले हेल्थ कैम्प में कुल 19 हजार 209 है जिसमें असंक्रामक रोगों से 996 चिन्हित मरीजों को हायर सेंटर रिफर किया गया है तथा इनसे बचाव हेतु 13 हजार 586 लोगों को कैम्प स्थल पर ही स्व्च्छता पूर्ण जीवनशैली हेतु काउंसिलिंग, स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। साथ ही उच्च रक्तचाप हेतु 11099 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 889 लोगो को पॉजिटिव पाया गया जिनको दवा वितरण किया गया। इन्हें अब स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बराबर मानिटरिंग किया जाएगा।

इसी प्रकार 10 हजार 957 मरीजों को मधुमेह (डायविटीज) हेतु स्क्रीनिंग की गई जिनमे 617 लोगों को पॉजिटिव पाकर तत्काल दवा शुरू कर हिदायत दी गयी है कि परहेज पर रहें व बराबर दवा लें तथा हर हफ्ते दस दिन में अपना शुगर, डायविटीज की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य कराते रहें। इसी के साथ जन्मजात बीमारी जिसकी पहचान सिर्फ रक्त जांच से ही पता चलता है जिसमें शरीर मे हमेशा खून की कमी, शरीर व छाती मे दर्द, कमजोरी, थकान, चक्कर, भूक न लगना, पेशाब में खून या सांद्रता, सांस फूलना, हाथ पैर की उंगलियों में जलन व सूजन बने रहती है, जिसे सिकल सेल एनीमिया (हँसियाकार अरक्तता) कहते हैं। इसके तहत भी इस हेल्थ कैम्प में 7642 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई है जिनमे 278 मरीजों को पॉजिटिव पाया गया है जिन्हें कंफर्मेटरी टेस्ट हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर रिफर किया गया है। कन्फर्मेशन के बाद लगातार मेडिकेशन की प्रक्रिया की जाएगी। इससे सम्बंधित सिकल सेल पोर्टल पर भी हर दिन ऑनलाइन एंट्री की जाती है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत प्रत्येक राशनकार्ड हितग्राही का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिसमे एपीएल कार्डधारी को 50 हजार और बीपीएल कार्डधारकों को 5 लाख रुपये प्रति परिवार के हिसाब से स्वास्थ्य सहायता राशि का प्रावधान है। अतएव छूटे हितग्राहियों में से अभी 577 लोगों का कैम्प स्थल पर ही आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया तथा 636 पहले से बने पीवीसी कार्ड का वितरण कर स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में बताकर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

स्वच्छता अभियान का असर, चौक-चौराहे, तालाब, बाजार की बदली तस्वीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

अंबिकापुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर पर प्रतिवर्ष की भांति इस इस वर्ष भी पूरे देश में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसके साथ ही सभी नगरीय क्षेत्रों सहित ग्राम पंचायत क्षेत्रों में एक सप्ताह तक सघन स्वच्छता अभियान की भी शुरुआत की गई। स्वच्छता अभियान की शुरुआत से ही जिलेभर में प्रतिदिन अनेक स्थलों की सफाई की गई।

स्वच्छता अभियान अंतर्गत नगर निगम अम्बिकापुर के शहरी क्षेत्रों, बाजारों, वार्डों, तालाबों, चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान के तहत लोगों ने स्वच्छता में योगदान देने बढ़चढ़ कर पूरे सप्ताह हिस्सा लिया और श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताने के साथ ही जागरूक भी किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत विद्यायल, महाविद्यालयों में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।वहीं जनप्रतिधियों, आमजनों, अधिकारियों द्वारा भी श्रमदान किया गया।

स्वच्छता अभियान के अंतिम दिन रविवार को नगर निगम अम्बिकापुर के मैरीन ड्राइव तालाब एवं मरीन ड्राइव बाजार में सफाई अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही अन्य स्थलों की भी सफाई की गई।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

मेडिकल कॉलेज में स्टैंड कर्मचारियों की दबंगई, युवक के साथ की जमकर मारपीट और गाली-गलौज

कोरबा। जिले के मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में वाहन स्टैंड कर्मचारियों की दबंगई कुछ ज्यादा की बढ़ गई है। पार्किंग को लेकर उपजे विवाद के बाद करीब आधा दर्जन कर्मचारियों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी, जिसके निशान उसके शरीर पर आसानी से देखे जा सकते हैं। मामले की शिकायत सीविल लाइन पुलिस से की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच शुरु कर दी है और जल्द ही कार्रवाई भी करेगी।

ग्राम गोढ़ी में रहने वाला भानू अपनी पत्नी को मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया है। भानू ने बताया कि वह अपना वाहन लेकर मेडिकल कॉलेज के वाहन स्टैंड पहुंचा और पार्क किया। पार्किंग शुल्क पटाने के लिए उसने सौ रुपए का नोट दिया और चिल्लर की मांग की। कर्मचारियों ने चिल्लर देने से मना कर दिया जिसके बाद भानू गुस्से में आ गया और पास में रखी कुर्सी को लात मार दिया फिर क्या था वाहन स्टैंड के आधा दर्जन कर्मचारी उसकी जमकर पिटाई कर दी। भानु ने बताया कि उसकी पत्नी का प्रसव होना है जिसे लेकर वो आया हुआ था वाहन पार्किंग मांगने पर 100 रुपये दिया जिसके बाद वाहन खड़ा करने को लेकर गाली गलौज करने लगा और बेल्ट और डंडे से पिटाई कर दिया।

छाल के जंगल में साल की लकड़ी समेत पिकअप जब्त

छाल (ए)। छाल रेंज में शनिवार की रात करीब 8.30 बजे एक पिकअप से लकड़ी की तस्करी हो रही थी। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घेराबंदी की। कूड़ेकेला से पुल पार होते हुए बंगरसुता में वाहन को रोक लिया। हालांकि चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकाला। पिकअप से 6 साल के गोला जब्त किए गए। इसकी कीमत करीब 42 हजार है।

छाल रेंज में तस्कर सक्रिय हैं। यहां लगातार जंगल से लकड़ी की चोरी तस्कर द्वारा हो रही है। इनका परिवहन करते वाहन तो पकड़े जाते हैं, लेकिन चालक अक्सर भाग निकलते हैं। शनिवार की रात साढ़े 8 बजे लकड़ी की तस्करी हो रही थी। अनुमान है कि जिन जगह वाहन जब्त किया गया, उसके आसपास की पेड़ की कटाई की गई होगी। हालांकि विभाग द्वारा अभी तक लकड़ी की ठूठ का पता नहीं लगाया जा सका है। लगातार लकड़ी की कटाई से वन प्राणी बस्ती की तरफ मूमेंट कर रहे हैं। छाल रेंज में पिछले एक माह से हाथियों का दल पूसल्दा बोजिया बरभौना कटाईपाली खेदापाली एडू आसपास विचरण कर रहे थे। इसमें लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

एंबुलेंस में गांजा पकड़े जाने के बाद परिवहन विभाग की सख्ती, बिना अनुमति वाली 18 एंबुलेंस जब्त

- **आमानाका थाना की पुलिस ने एंबुलेंस से पकड़ा था 364 किलो गांजा**
- **परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम अवैध रूप से संचालित एंबुलेंस पर कर रही कार्रवाई**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। एक सप्ताह पहले आमानाका पुलिस थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस से 364 किलो गांजा पकड़ा गया था। जांच में यह सामने आया कि एंबुलेंस की अनुमति परिवहन विभाग से नहीं ली गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। शहरभर में दौड़ रही एंबुलेंस की जांच शुरू की। परमिट, अनुमति और चालकों के लाइसेंस नहीं होने पर कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में विभाग द्वारा बिना अनुमति वाले 18 एंबुलेंस जब्त किया है।

बीते दो दिनों में आंबेडकर अस्पताल, एम्स के अलावा निजी अस्पतालों के सामने खड़ी 18 एंबुलेंस जब्त की गई, जिन्हें संबंधित थानों में खड़ा किया गया है। जांच आगे भी जारी रहेगी। राजधानी में सरकारी के साथ हजारों की संख्या में निजी एंबुलेंस बेधड़क दौड़ रही हैं। शहर में कई एंबुलेंस ऐसी भी हैं, जिनका परमिट टैक्सी का है। टैक्सी परमिट वाले वाहनों की नंबर प्लेट पर पीली पट्टी होती है। कोरोना के समय पैसे कमाने के चक्कर में कई लोगों ने सैकड़ों वैन और मिनीडोर को एंबुलेस में तब्दील कर चलाना शुरू कर दिया था।

रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सड़कों पर दौड़ रहीं निजी एंबुलेंस मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर संचालित इन एंबुलेंस में न तो जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था है और न ही प्रशिक्षित स्टाफ। इनकी निगरानी करने वाले स्वास्थ्य विभाग के मौन रहने का कुप्रभाव मरीजों और उनके स्वजन पर पड़ रहा है। नौसिखिया एंबुलेंस चालक गंभीर मरीजों को ढोते नजर आ रहे हैं। नेशनल हेल्थ मिशन और परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर जिले में सैकड़ों निजी एंबुलेंस संचालित हैं।

4,766 पंजीकृत, दौड़ रहीं 10 हजार एंबुलेंस

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में सबसे अधिक रायपुर जिले में कुल 4,766 एंबुलेंस पंजीकृत हैं, जबकि 10,000 से अधिक निजी एंबुलेंस दौड़ रही हैं। परिवहन विभाग हर वर्ष इनका फिटनेस प्रमाणपत्र जरूर जारी करता है, पर स्थिति यह है कि कई एंबुलेंस से जरूरी उपकरण, आक्सीजन, मास्क, सिलेंडर, बीपी मशीन, अग्निशमन यंत्र तक गायब हैं। परिवहन विभाग के मानक के अनुसार एंबुलेंस में प्रशिक्षित पैरा-मेडिकल स्टाफ, आपातकालीन जीवन रक्षक दवाइयां होनी चाहिए। साथ ही स्टेथोस्कोप, बीपी मानिटर, फोल्डिंग मशीन और पावरफुल टार्च होना अनिवार्य है, लेकिन पंजीकृत एंबुलेंस तक से ये सारे उपकरण नहीं रहते।

जांच अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई

नियमानुसार एंबुलेंस का संचालन करने के लिए परिवहन विभाग से अनुमति लेनी होती है, लेकिन संचालकों ने ऐसा नहीं किया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम अवैध रूप से संचालित एंबुलेंस पर कार्रवाई कर रही है। आरटीओ रायपुर कीर्तिमान सिंह राठौर ने कहा, मानक के विरुद्ध जिले भर में संचालित निजी एंबुलेंस के खिलाफ जांच अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिनों के भीतर ऐसी 18 एंबुलेंस जब्त की गई हैं। किसी भी हालत में मानक के विपरीत एंबुलेंस का संचालन नहीं होने दिया जाएगा।

कांग्रेस नेता की मौत, कोहरे की वजह से दर्दनाक हादसा, कार में सवार पत्नी समेत तीन लोग घायल

सूरजपुर (ए)। सड़क हादसे में कांग्रेस नेता की मौत हो गई है। जबकि कार में सवार पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, बगीचा थाना क्षेत्र के बीमडा गांव के पास तेज रफ्तार अर्टिका कार रात करीब 3 बजे दुर्घटना ग्रस्त हो गई, कार में 5 लोग सवार थे। जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एक युवक को हलकी चोट आई। वहीं मौके पर एक की मौत हो गई। हादसे में घायल सभी को उपचार के लिए अम्बिकापुर रेफेर किया गया है।

मृतक का नाम गंगाराम रवि है जो अपने परिवार के साथ पसिया गांव में उपचार के लिए गए थे, वहां से वापस लौटते समय घने कोहरे की वजह से बगीचा के पास अनंत्रित होकर कार पड़े से जा टकराई। थाना प्रभारी सतीश सोनवानी ने बताया कि मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक बिश्रामपुर नगर पंचायत पार्षद कांग्रेस नेता गंगाराम रवि की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वह वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद थे। हादसे में घायलों का इलाज अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर: हादसे में युवक की मौत, फरार ड्राइवर की तलाश में जुटी पुलिस

धमतरी (ए)। धमतरी जिले में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटना कोसमर्रा चौक के पास हुई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, रविवार को रामपुर निवासी लोकेश्वर साहू (42) अपनी बाइक से सब्जी खरीदकर घर लौट रहा था। रास्ते में कोसमर्रा चौक के पास कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। 108 संजीवनी एंबुलेंस की मदद से युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी कार चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

2 दिन पहले भी सड़क हादसे में गई थी युवक की जान

इससे पहले शनिवार को शादी कार्ड बांटने बाइक से निकले 2 युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक को जिला अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

नगरी-धमतरी मार्ग पर पूर्व विधायक निवास के पास धमतरी की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी थी। मृत युवक का नाम श्रवण नेताम था, जो कुंगेरा का रहने वाला था। वहीं घायल युवक का नाम सराधुराम है, जिसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक फरार हो गया था, जिसकी तलाश की जा रही है।

बस की स्लीपर सीट पर मिला युवक का शव, रायगढ़ से अंबिकापुर आ रही थी बस

अंबिकापुर (ए)। रायगढ़ से अंबिकापुर आ रही बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई। जब बस अंबिकापुर बस स्टैंड पहुंची, तो युवक स्लीपर सीट पर ही मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया है। पहली नजर में हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने युवक के परिजनों को मोबाइल पर सूचना दे दी है।

दरअसल, अंबिका बस रायगढ़ से रविवार की सुबह 8 बजे अंबिकापुर के लिए निकली थी। इसमें रायगढ़ निवासी 21 वर्षीय अभय कुर्रे भी सवार था। बस दोपहर करीब 3 बजे अंबिकापुर बस स्टैंड में पहुंची, तो सभी यात्री उतर गए, लेकिन अभय स्लीपर सीट पर ही पड़ा हुआ था। बस के कर्मचारियों ने उसे नीचे उतरने के लिए टच किया, शरीर में कोई हलचल नहीं हुआ। वह मृत अवस्था में सीट पर था। इसकी सूचना उन्होंने बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता केंद्र को दी। वहीं सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने युवक के पास रहे आधार कार्ड से उसकी पहचान अभय के रूप में की है। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचित कर दिया है। आशंका जताई जा रही है कि दिल का दौरा पड़ने से युवक की मौत हुई है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

सूने मकान से साढ़े चार लाख के जेवर सहित नकदी की चोरी

बलौदाबाजार (ए)। समृद्धि कॉलोनी में शुक्रवार रात एक और घर में अज्ञात चोर ने चोरी की। इस कॉलोनी के हीरालाल अग्रवाल के घर में साढ़े चार लाख से ऊपर की चोरी हुई है। इस दौरान चोरों ने घर में रखे 12 से 15 सूटकेश सहित तीनों कमरों की अलमारियों को खंगाला। इस कॉलोनी में रात को 2 गार्ड ड्यूटी पर रहते हैं और दोनों राउंड लगाते हैं फिर भी चोरों ने घटना को बड़े आराम से 4 से 5 घंटे तक अंजाम दिया।

चोरों ने जिस तरह घर के भारी सामानों को हटाया है उससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर 3 से 4 की संख्या में थे। सूचना के बाद पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले को दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। प्रार्थी हीरालाल अग्रवाल के अनुसार उनका परिवार 2 दिन के लिए जगन्नाथ पुरी दर्शन करने गया था। इसी बीच पड़ोसी ने घर में चोरी होने की खबर दी। वापस लौटने पर घर का ताला और खिड़की का रॉड टूटा मिला।

नए साल के जश्न से पहले दुर्ग एसपी सड़क पर, 195 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 12 वाहन भी जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नए साल के जश्न से पहले शनिवार रात को दुर्ग एसपी खुद सड़क पर उतरे। एसपी गर्ग द्वारा शहर के ट्रैफिक व्यवस्था एवम नाकेबंदी प्वाइंट का हाल देखा गया।। एसपी गर्ग ने सबसे पहले भिलाई नगर पुलिस पेट्रोल पंप के सामने की जा रही नाकेबंदी प्वाइंट पर पहुंचे, वहा पहुंच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मुर्गा चौक, छावनी चौक, जामुल चौक, गुरुद्वारा चौक नेहरू नगर चौक में पहुंच कर ड्यूटी पर लगे बल के पास पहुंच कर उनको महत्तवपूर्ण दिशा निर्देश दिए। एसपी गर्ग के निर्देश के बाद चेकिंग अभियान में कुल 195 से अधिक वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। जिसमें 108 तीन सवारी, 04 शराब पीकर वाहन चलाने वाले, 08 प्रेशर हॉर्न वाले वाहन चालक, 40 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, तथा 12 वाहनों को जप्त किया गया व अन्य पर कार्रवाई की गई।

एसपी गर्ग ने कहा कि चेकिंग स्थानों में पर्याप्त बल एवम स्टॉपर लगाकर चेकिंग अभियान चलाएं। ब्रेथनलाइगर से चेकिंग करे जिसके लिये प्रशिक्षत स्टाफ रखा जाए। मुख्य चौक में चेकिंग ना कर उसके आगे या पीछे स्टॉपर से जिग जैक बनाकर चेकिंग करें। चेकिंग स्थल में पर्याप्त रोशनी हो इसका ध्यान रखें। चेकिंग स्थल में लगा बल सेफ्टी जैकेट जरूर पहने। किसी भी वाहन को दौड़ाकर ना पकड़े दुर्घटना हो सकती है। स्टॉपर में रेडियम लगा हो ताकि स्टॉपर दूर से दिखाई दे। ड्रंक एंड ड्राइव प्रकरण न्यायालय में पेश करे एवं लाइसेंस निलंबन हेतु यातायात मुख्यालय भेजने सहित अन्य निर्देश दिए गए।

एसआई भर्ती रद्द करने के लिए युवाओं ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन, बोले- भर्ती में हुआ है भ्रष्टाचार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के पुलिस महकमे में बीते पांच साल से एसआई (सब इंस्पेक्टर) प्लाटून कमांडर, सूबेदार भर्ती की प्रक्रिया अभी भी चल रहीं है। ये बीते पांच साल से विवाद में है। अब इस पूरी भर्ती को रद्द कराने की मांग शुरू हो गई है। इसे लेकर रविवार को कवर्धा विधायक व डिप्टी सीएम विजय शर्मा को युवाओं ने ज्ञापन सौंपा है। युवाओं ने बताया कि प्रदेश के इतिहास में सबसे विवादित भर्ती में से एक है।

इस भर्ती की शुरुआत वर्ष 2018 में तात्कालिक भाजपा सरकार द्वारा 655 पद के लिए नया भर्ती नियम लाकर नोटिफिकेशन लाया गया था। इस भर्ती नियम में गड़बड़ियां, विसंगति, भ्रष्टाचार होने की संभावना शून्य थी लेकिन सत्ता परिवर्तन होने के बाद कांग्रेस सरकार नें 655 पदों में वृद्धि करते हुए भर्ती नियम में कई प्रकार की गड़बड़ी व विसंगति कर भ्रष्टाचार किया।

इतना ही नहीं तृतीय श्रेणी के पद में इंटरव्यू रखकर भ्रष्टाचार किया गया। ऐसे में अब पूरी भर्ती को रद्द कर नए सिरे से भर्ती लिया जाना चाहिए। इसके अलावा युवाओं ने वर्तमान में आरक्षक भर्ती के लिए आयु छूट देने की मांग किया है। युवाओं ने बताया कि कांग्रेस सरकार में पुलिस भर्ती कम संख्या में हुआ है। पांच साल के कार्यकाल के दौरान दो साल कोरोना से प्रभावित हुआ है। इस कारण कई युवाओं का उम्र पुलिस भर्ती के लिए निकल गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे : ताम्रध्वज साहू

दुर्ग। ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम खुरसुल में केंद्रीय गोड़ महासभा तहसील स्तरीय सामज आदिवासी ध्रुव गोड समाज पारीक्षेत्रिय बोरई के तत्वाधान में शहीद वीरनारायण बलिदान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथी प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र कुमार देशमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच विक्ट्रोरिया दिल्लीवार, रिवेंद्र यादव सहित साम के प्रमुख गण योगेश्वर सिंह, द्वारिका नाथ , राजू पोर्ते, जगदीश नेताम, बूढ़ान सिंह, टाकेशवर, रेवाराम, बलीराम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई ततपश्चात सभी अतिथियों द्वारा शहीद वीरनारायण की मूर्ति की पुष्पाजंलि आर्पित किया गया । सामज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होने गरीबो की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणो की आहुति दी थी। श्री साहू ने आगे कहा महान क्रांतिकारी शहीद वीरनारायण उनके शहादत हम सब को हमेशा उनके देश के प्रति बलिदान और शहादत को याद दिलाता रहेगा उन्होने कहा आदिवासी समाज को एकता के साथ उन्नति के राह मे आगे रहेता है।इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामज के प्रमुख जन व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

स्व.चंदूलाल चंद्राकर के प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य बना : कुरैशी

भिलाई। त्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने छत्तीसगढ़ राज्य के प्रेरणास्त्रोत चंदूलाल चंद्राकर जी के 103वीं जयंती के अवसर पर चंदूलाल चंद्राकर चैक सूपेला एवं श्रमशक्ति सदन सेक्टर-6 ऑफिस के मैदान में चंदूलाल चंद्राकर जी की स्थापित प्रतिमा में बदरूदीन कुरैशी और चंद्राकर समाज के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यअर्पण कर उनके बताये हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया।
कुरैशी ने अपने उदबोधन में कहा है कि देश के सभी राजनैतिक दल के लोग साक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ को राज्य बनाने के लिए स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी ने 1992 में अर्जुंदा के आमसभा में तत्कालिन मानव संसाधन मंत्री श्री अर्जुन सिंह जी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का मुद्दा उठाया और स्वर्गीय अर्जुन सिंह जी ने अपने भाषण में स्पष्ट कहा था कि आप कदम आगे बढ़ाये हम आपके साथ है उसके बाद स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी ने सम्पूर्ण जिले में छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के लिए आंदोलन प्रारंभ कर दिया मजबूर होकर विधानसभा चुनाव में दिग्विजय सिंग जी को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करना पड़ा और जैसे ही मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ राज्य बनाने विधानसभा में प्रस्ताव पास किया यह सच्चाई है स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी की ही देन है कि आज छत्तीसगढ़ राज्य बना है।
कार्यक्रम में पवन चंद्राकर, समयलाल साहू, बलदाउ प्रसाद, कुलेश्वर चंद्राकर, आर.एस शर्मा, मोहनलाल गुप्ता, पुष्पकराज देशमुख, बी.जोगाराव, अरूण सिंह, जे.आर साहू, ईश्वर प्रसाद वर्मा, दीदार, गोवर्धन, के.पापाराव पुषउराम यादव आदि उपस्थित थे ।

सुपेला संडे मार्केट की बदली तस्वीर, विधायक रिकेश की चेतावनी के बाद सड़क पर नहीं दिखी एक भी दुकान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। रविवार को सुपेला के संडे मार्केट का नजारा कुछ अलग ही दिखा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की चेतावनी का ऐसा असर दिखा कि सड़क पर एक भी दुकान नहीं दिखी। रविवार को दोनों ओर के दुकानदारों ने भिलाई निगम द्वारा की गई मार्किंग का सम्मान किया और दुकानों को तय सीमा के भीतर ही लगाया। यही नहीं ग्राहक भी सजग दिखे और अपनी गाड़ियों को तय जगह व पार्किंग प्लेस पर ही रखा। इससे पूरे बाजार में कहीं भी जाम जैसी स्थिति नहीं दिखी।

बता दें भिलाई के सबसे चर्चित संडे बाजार में हर रविवार को भारी भीड़ लगती है। सालों से यहां दुकानदार बीच सड़क तक दुकान लगाते हैं जिससे मुख्य मार्ग दोनों ओर से जाम हो जाता है। कई बार प्रशासन द्वारा यहां के दुकानदारों को समझाया और सीमा तय की लेकिन कभी यहां की व्यवस्था में सुधार नहीं आया।

लेकिन इस रविवार को यहां का नजारा कुछ अलग ही दिखा। वैशाली नगर के नव निर्वाचित विधायक रिकेश सेन की चेतावनी व भिलाई निगम के संयुक्त प्रयास से सुपेला का संडे मार्केट जाम से मुक्त दिखा। राहगीर काफी खुश दिखे क्योंकि दुकानदारों के कारण किसी भी प्रकार का जाम नहीं लगा।

विधायक रिकेश सेन ने बीते रविवार को दी थी समझाइश

वैशाली नगर विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद रिकेश सेन लगातार क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहे हैं। बीते रविवार को विधायक रिकेश सेन ने संडे मार्केट का दौरा किया। इस दौरान भारी अव्यवस्था देख दुकानदारों पर खूब बरसे। पूरे मार्केट का दौरा करते हुए दुकानदारों की जमकर खबर ली। विधायक रिकेश से सड़क तक दुकान लगाने व सड़क पर पार्किंग कराने वालों को चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि आगे से कोई भी दुकान दार तय सीमा से आगे बढ़ता है तो उसका लाइसेंस रद्द कर दुकान को सील कर दिया जाएगा। भिलाई निगम ने मार्केट में पहुंचकर मार्किंग भी कर दी। इसका असर यह रहा कि इस रविवार पूरा संडे मार्केट व्यवस्थित दिखा।

आम दिनों की तरह दिखी सड़क

रविवार के दिन सुपेला घड़ी चौक से लेकर गदा चौक तक की सड़क काफी संकरी हो जाती थी। रविवार को सड़े मार्केट लगने के कारण 40-40 फीट की सड़क 10 फीट की रह जाती थी। इसके कारण आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नजारा ऐसा होता था कि लोगों की बाइक तक जाम में फंस जाता था। और तो और आपात स्थिति में एंबुलेंस के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। रविवार के दिन ऐसी दिखने वाली सड़क इस बार आम दिनों की तरह ही दिखी। दोनों ओर लोगों को खुली जगह मिली। कार से लेकर बड़े वाहन भी आसानी से जाते दिखे। आने जाने वाले राहगीर भी रविवार के दिन इस सड़क को इतना खाली देख चौंके गए।

संडे मार्केट मे निगम ने फिर चलाया बेदखली कार्रवाई

भिलाई। नगर निगम भिलाई, जिला एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति मे सुपेला से गदा चौक तक लगने वाले सण्डे मार्केट में सडक की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तोडफोड़ की कर्रवाही करते हुए दुकान के बाहर मार्किंग के बाद किये गये फ्लोरिंग ,टाईस,तथा पेवर ब्लाक को उखाड कर अतिरिक्त कब्जो को मुक्त कराया गया। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सुपेला संडे मार्केट मे सडक पर होने वाले व्यापार तथा आबंटित दुकान के बाहर ठेला,तखत,टेबल लगा कर किये गये अतिरिक्त कब्जे को हटाने निगम के जोन 1एवं 2 की टीम ने शनिवार को निगम द्वारा बनाएंगे नाली की सीमा मे सफेद पेंट से स्थानी मार्किग कर मुनादी कराया था कि व्यापारी अपने विक्रय की सामाग्री को निर्धारित सीमा मे रख कर अपना व्यापार संचालित करे. ठेला,खोमचे तथा पसरा लगा कर सडक को बाधित न करे और ऐसा पाये जाने पर तोडफोड तथा जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को सुबह 6 बजे निगम की टीम जिला एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी मे मौके पर पहुच कर कार्रवाई प्रारंभ किया और दुकानो के सामने लगे बांस बल्ली,टीन टप्पर के शेड को हटा कर जप्त किया । टीम के साथ चल रहे पाँच जेसीबी से सडक के दोनो किनारे दुकान के सामने दुकानदार द्वारा किये गये सीमेंट फ्लोरिंग, पेवर ब्लाक,टाईस को उखाडा गया ताकि उस पर समान रख कर यातायाता तथा पार्किंग को बाधित नही किया जाए। बता दे कि निगम द्वारा संडे मार्केट गदा चौक से सुपेला चौक तक सडक पर व्यापार फैला कर यातायाता को प्रभावित करने की लगातार शिकायत प्राप्त हो रहा था जिस पर विगत माह रविवार को कार्रवाई कर सडक को खाली करवाया गया था किंतु फिर से व्यापारी अपना व्यवसाय सडक तक फैला दिए थे जिसे पर 31 दिसम्बर की सुबह से कार्रवाई कर सडक को वाहनो के आवागमन के लिए मुक्त कराया गया ।

दुर्ग ग्रामीण के लोगों ने विधायक ललित चंद्राकर के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो प्रोग्राम मन की बात की 108 वीं कड़ी में लोगों से रू-ब-रू हुए। इस दौरान पीएम मोदी को देशभर से लोगों ने सुना। इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर के साथ स्थानीय लोगों ने भी पीएम मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से कहा कि भारत को विकसित कर आत्मनिर्भर बनाना है। पीएम मोदी ने भारत को समृद्ध भारत बनाने की बात कही।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के साथ ग्रामीणों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी और उनकी बातों को आत्मसात करने की बात कही। लोगों ने एक साथ समृद्ध भारत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के जरिए पूरे देश से रु-ब-रू होते हैं और हर माह किसी न किसी नए विषय पर बात करते हैं। पीएम मोदी लोगों को मोटीवेट करते हैं ताकि सभी देश के साथ जुड़े और समृद्ध भारत बनाने की दिशा में अपना योगदान दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के बाद नेवई भाठा में भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर कई युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा प्रवेश करने वालों का विधायक ललित चंद्राकर ने स्वागत व अभनंदन किया। भाजपा प्रवेश करने वालों में प्रीतम साहू, विशाल साहू, केवल यादव, उमाशंकर ठाकुर, हेमंत साहू, कोमल साहू, प्रीतम ठाकुर, विनोद कुमार, लोचन बंजारे, हर्ष साहू, यशवंत देवांगन, चंदन मारकंडे, उजाला प्रजापति, गिरवर ठाकुर, सौरभ घनकर आदि लोग उपस्थित थे।

पं. रविशंकर शुक्ल को 66 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भविष्य दृष्टा एवं जननेता पंडित रविशंकर शुक्ल की 66 वीं पुण्यतिथि पर 31 दिसम्बर, 2023 को इस्पात नगरी भिलाई के सेक्टर-9 स्थित उनकी भव्य प्रतिमा के समक्ष प्रात: 10 बजे श्रद्धाँजलि सभा में इस्पात बिरादरी, कांग्रेस जनों और आमजन द्वारा पं. शुक्ल को पुष्पाँजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धाँजलि अर्पित की गई।

देश के सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना के प्रबल समर्थक और प्रणेता पं. शुक्ल की पुण्य स्मृति में श्रृद्धाँजलि सभा का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं साँस्कृतिक समूह द्वारा, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी और पं रवि शंकर शुक्ल सामाजिक एवं साँस्कृतिक समिति के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत बंजारे, एच एस सी एल की पूर्व उप महाप्रबंधक कार्मिक एवं समाज सेविका माया रानी शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन लाल गुप्ता, कांग्रेस नेता एवं समाज सेवक राकेश मिश्रा, पूर्व पार्षद एवं नेता प्रभूनाथ मिश्रा, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और पं रविशंकर शुक्ल के योगदानों पर चर्चा की। इस अवसर पर आयोजन और मूर्ति स्थल के जिर्णोद्धार के लिए सभी वक्ताओं ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भिलाई पं नेहरू और पं रविशंकर शुक्ल की कर्मभूमि हैं। इसको और विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इस्पात बिरादरी के सदस्यों के बच्चों को इसी भूमि में रोजगार मिल सकें। प्रभूनाथ मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि श्री शुक्ल की कर्मभूमि में रोजगार कम हो रहा है, अब इस्पात नगरी विरान हो रही है। इस दिशा में चिंतन होना चाहिए और इस्पात से जुड़े नये उद्योग भिलाई के आसपास लगने चाहिए, जिससे इस इस्पात नगरी की रौनक बनी रहें। कार्यक्रम का संचालन पं रविशंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के महासचिव मनोज मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया और अंत में समाजवादी नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक पंडा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

गर्भवती महिला एवं बच्चों को मिल रहा पोषण आहार कीट

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई निगम क्षेत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 6 माह पूर्ण करने वाली गर्भवती माता की गोदभराई के साथ ही उन्हें पोषण आहार कीट दिया जा रहा है,वही बच्चों को पोषक तत्वों से भरपूर कीट देकर परिवारजनों को बच्चों के खानपान की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले रहे है। सैंकड़ो की संख्या में लोग नि:शुल्क बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप की जांच कराकर डॉक्टरों की सलाह अनुसार दवाईयां भी ले रहे है।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संकल्प शिविर का 10वां दिन खुर्सीपार पोष्ट आफिस ग्राउंड और सिविक सेंटर पार्किंग स्थल पर आयोजित हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी शिल्पा तिवारी एवं पर्यवेक्षक

दीपशिखा ने बताया कि 22 दिसंबर से आयोजित शिविर में अब तक 20 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का आयोजन कर उनके परिजन को गर्भावस्था के दौरान देखभाल, खानपान की पूरी जानकारी देने के साथ उन्हें रेडी टू ईट पैकेट, फल सब्जियां, रागी, गुड़, चना व अन्य पोषक तत्वों तथा सुहाग की सामग्री का कीट स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया जा चुका है साथ ही कुपोषित बच्चों को भी रेडी टू ईट का व्यंजन बनाकर वितरण किया जा रहा है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

भिलाई निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचकर उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास, प्र.मं विश्वकर्मा योजना जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए स्टॉल में जानकारी ले रहे और और योजना का लाभ लेने फार्म भी भर रहे है। संकल्प यात्रा शिविर में स्वास्थ्य विभाग विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में बीपी, शुगर, टीबी की जांच जांच की जा रही है, साथ ही सर्दी, खांसी, बुखार, जकड़न, चक्कर आना, हाथ पैर में दर्द आना जैसे सामान्य रोग की डॉक्टरों द्वारा जांच उपरांत दवाई दी जा रही है। निगम क्षेत्र के दो स्थानों पर आयोजित शिविर में खुर्सीपार क्षेत्र की पार्षद सरिता देवी, पूर्व सभापति पी.श्याम सुंदर राव,सिविक सेंटर में योगेंद्र सिंह, तिलक राज, रजनीकांत पांडे, अशोक जैन शामिल हुए और उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर शिविर में उपस्थित नागरिको ने भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने में हम सबकी अनिवार्य सहभागिता को लेकर संकल्प दिलाये।

संजय को मिला इंडिया बेस्ट एमएसएमई अवॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेक्टर 4 निवासी व्यवसायी संजय गुप्ता को नवी मुम्बई महाराष्ट्र में एमएसएमई कांफ्रेंस के दौरान अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड वर्ष 2023 के लिए संजय को भारत के कंस्ट्रक्शन सेवाएं प्रकोष्ठ में सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई व्यवसायी के लिए चीफ फाइनेंशियल अफसर (सीएफओ) आर एक्स आईएल के कैलाश कुमार वरोडिया के हाथों से मिला है। इस दौरान बिजनेसमेन संजय गुप्ता को अवार्ड के रूप में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अवार्ड मिलने पर संजय ने कहा कि इसे लेने के बाद मेरा जीवन का मानो

सपना पूरा हो गया है। संजय गुप्ता छतीसगढ के लिए इकलौते बिजनेसमेंन है जिन्हें कंस्ट्रक्शन सेवाएं प्रकोष्ठ में अवार्ड मिला है। कार्यक्रम में केतन वेकारिया , आनंद चारी बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, डॉक्टर शरद लांडे (वाईस प्रेसिडेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटिड), डॉक्टर एंटोन तोडरो मौजूद थे।

भारत की उपलब्धियां हर भारतवासी की उपलब्धियां है - जितेन्द्र वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 108 वां एपिसोड भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के निर्देशानुसार भाजपा जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथ स्तर पर श्रवण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने भाजपा प्रदेश भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के सानिध्य में श्रवण किया। जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला भाजपा कार्यालय में श्रवण किया। मन की बात कार्यक्रम संपन्न होने के बाद कार्यक्रम के जिला प्रभारी संतोष सोनी ने सभी मंडलों से फीडबैक लिया।

मन की बात कार्यक्रम के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का 108 वां एपिसोड प्रफुल्लित करने वाला रहा। सनातन संस्कृति की मान्यता में 108 अंक का अलग ही महत्व और पवित्रता है। माला में 108 मनके, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियाँ, 108 घंटियाँ, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'मन की बात' का 108वाँ एपिसोड खास था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन 108 एपिसोड में

जनभागीदारी के अनेकों उदाहरणों को भारतवासियों के समक्ष रखा है, जिससे सबने प्रेरणा पाई है। भारत की उपलब्धियां हर भारतवासी की उपलब्धियां है।

इस एपीसोड में प्रधानमंत्री एवं अन्य अतिथि वक्ताओं के उदबोधन को रेखांकित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि तगड़ा रहो नाम से हेल्थ फिटनेस के स्टार्टअप के प्रणेता ऋषभ मल्होत्रा, फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर के अनुभवों को इस एपीसोड में देशवासियों ने सुना और शरीर के फिटनेस के लिए उत्तम आहार और व्यायाम की आवश्यकता को समझा। पिछले 10 वर्षों ने देश में अनेकों उपलब्धियां पाई है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि इस एपिसोड के माध्यम से यह बात पहले बात प्रकाश में आई कि एआई टूल भाषिणी के माध्यम से किसी भी भाषा में बोलने वाले व्यक्ति का भाषण तत्काल दूसरी किसी भी चाही गई भाषा में अंतरित होकर दिखाई देता है। तकनीकी क्षेत्र में यह एक महान उपलब्धि है जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश के आमजनों के सामने प्रस्तुत किया है।

जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के आदिवासी गांव में कार्तिक उरांव आदिवासी स्कूल के महान कार्यों को सामने रखा जिसमें विलुप्त होती जा रही अपनी कुरुख भाषा को नई पीढ़ी के बच्चों को सीखने का प्रयास की सराहना से अपनी स्थानीय भाषाओं को बचाने और संरक्षित करने का संदेश मिला है क्योंकि स्थानीय और मातृभाषा बच्चों तक अपनी बात को पहुंचाने का सबसे अच्छा माध्यम है। इससे बच्चों के सीखने की गति तेज होती है। भाषा किसी भी बच्चे की सीखने की क्षमता और प्रगति में बाधा नहीं बननी चाहिए।

जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की विलक्षण बेटियों सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार जैसी देश की दो विभूतियों के व्यक्तित्व और संघर्षों को नमन किया जो ऐसे प्रकाश स्तम्भ की तरह है, जो हर युग में नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाता रहेगा। आगामी 3 जनवरी को इन दोनों के जन्मदिवस पर इनका स्मरण सबको करना चाहिए।

ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे लोगों ने जताया आभार

विधायक रिकेश की पहल पर पीडब्ल्यूडी के दो सौ कर्मचारियों को मिली नौकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। विधायक रिकेश सेन की पहल पर पीडब्ल्यूडी विभाग के दुर्ग संभाग में करीब 200 दैनिक वेतन भोगियों को फिर से नौकरी मिली। सभी कर्मचारियों की बहाली के बाद छत्तीसगढ़ राज्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ ने रिकेश सेन का आभार जताया है। संघ के सदस्य रविवार को ढोल नंगाड़ों के साथ विधायक रिकेश के पास पहुंचे और फूल माला से उनका अभिनंदन किया।

बता दें पीडब्ल्यूडी विभाग के दुर्ग संभाग में करीब 200 दैनिक वेतन भोगी कर्मी को नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद सभी कर्मचारियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

छत्तीसगढ़ राज्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के बैनर तले ये सभी कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन से मुलाक़ात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा था। विधायक रिकेश सेन ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें निकाले गए कर्मचारियों को वापस लेने निर्देशित किया था। नतीजतन सभी को काम पर वापस लिया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950